अर्जित करते हुए ब्रह्मचारी अपने घर वापस जाता है और गृहस्थाश्रम स्वीकारता है। वह अपनी सपत्ति का रक्षण करता है, विवाह करता है, और पति और पिता के रूप में रहता है। समाज का एक सदस्य होने के नाते अपने कर्त्तव्य का उसे विस्मरण नहीं होता। सामाजिक–आर्थिक कर्त्तव्यों का पालन करता हुआ समाज को सुव्यवस्थित करने मे अपना योगदान देता है। लेकिन उसको सदा के लिए यही रहना नहीं है। उसे तीसरे आश्रम में प्रवेश करना है। उसे परिव्राजक बनकर आध्यात्मिक कार्यों को समर्पित होना है। अपनी योग्यता से समाज की अच्छी सेवा करके वह अब अपनी जीविका के लिए समाज पर निर्भर होता है, और अपना पूरा काल तत्त्वशोध मे अर्पण करता है। अब वह अपना अधिकाश समय समीपवर्ती वन मे रहकर ग्राम या नगर के बाहर बिताता है। ऐसे वनो में या उद्यानों मे रहने की आदत से ही तृतीय आश्रम को वानप्रस्थ आश्रम कहते है। आध्यात्मिक विकास की अतिम अवस्था पूर्ण सन्यास की होती है। आरण्यक और उपनिषदों मे शायद वानप्रस्थ का सम्बन्ध है। यह चित्र हमारे मनश्चक्षु के सामने मध्यकालीन यूरोप के सेट फ्रान्सिस् ऑफ असीसी (St francis of Assissi) का जीवन खडा कर देता है। जगलो के पशु–पक्षी ही उसके साथी थे। उसकी आध्यात्मिक शाति उन्मुक्त थी, जो रमणीय और अव्याकुल जंगल के एकात मे बुद्धि के परे है। उपनिषत्काल के लक्षण ऐसे ही समझे जा सकते है। यहा हम विस्तार से उपदेश देनेवाले गुरुजनों के और उनके तात्त्विक रहस्य को आदर से श्रवण करने वालो के समूह मे है। यज्ञ के कर्मकांड से तत्त्वचिंतन लेकर रूप तक हुए परिवर्तन के सम्मान और सत्य के बारे मे दूसरे हकदारों को आमन्त्रित करते हैं। पूर्ववर्ती काल में यज्ञों के मत्र और क्रियाकलाप को पुरोहित वर्ग ने विकसित किया था। लेकिन ब्रह्मविद्या या आत्मा के सप्रदाय का यज्ञ–प्रयोगो के उच्चारण से कोई सम्बन्ध नहीं। यह तत्वचिंतन राजाओ के दरबारो मे शुरू हुआ मालूम होता है। शाति और वैभव के कारण वह क्षत्रियों से सम्बद्ध है, या शायद जीवन के उपभोग उन्होंने अत्यधिक मात्र में लिए होंगे (It (this new philosophic speculation) is associated with the Ksatriyas on account of peace and prosperity or perhaps the fruits of life are eaten to surfeit by them)। जीवन की रिक्तता का अनुभव लेकर हृदय में मूलभूत

description, Even the priests could not escape the influences of this new thought. We see them therfore distrubed by this new discontent. They go about from place to place, from thinker to thinker, with the object of getting initiated into the new wisdom, the Atma vidya. This craving for the Brahma vidya becomes almost universal. The whole age is thrown into feverish activity intellectually and every one desires to participate in the new knowledge--par excellence as aginst the earlier learning associated with ritualism. Like a pillar of light this new paravidya was leading the Aryans into the promised land of wonderful philoshphical wisdom which constitutes the treasure of Aryan learning and to which all the later systems of Indian thought point out with pride as the source of authority and inspiration.

The meaning of 'Upanisad'--The term as used in the Brahmanas normally denotes the secrets of some word or text. But in the Brhadaranyaka it is already used in the plural as the designation of a class of writings no doubt actually existing. Thus the term came to be used to denote the writing containing the secret doctrine. The exact primary sense of the term is doubtful. The natural interpretation of the world adopted by Max Muller makes the word mean first a session of pupils, hence the secret doctrine communicated to a select number of disciples. Secondly, it is the title of a work on such a secret doctrine. Oldenberg traces the word to the original sense of worship. According to this interpretation Upanisad primarily means a secret form of worship. Deussen combines both these interpretations when he explains the meaning of the word. For him the word originally meant a secret word or a secret text. Then it came to refer to secret import of secret doctrine. This order of meaning is improbable as is suggested by McDonald. The term is explained by Sankara in his commentary as that which destroys ignorance or that which leads to the knowledge of Brahman. Indian writers use the term in the sense

अध्यात्म तत्त्व का शोध करने के लिए अपना ध्यान आकर्षित करने मे क्षत्रिय पहले थे। जीवन के बारे में यह नया दृष्टिकोण लाने में जो भी सामाजिक परिस्थितियां कारण हों, इतना तो स्पष्ट है कि उपनिषद् काल के क्षत्रिय मुख्यतः चिंतन मे व्यस्त थे, जबकि पुरोहित वर्ग के लिए पारपरिक यज्ञ तब भी महत्त्वपूर्ण थे। शायद यह बिलकुल खरा चित्र नहीं है। नए विचार से पुरोहित वर्ग भी अछूता नहीं रहा होगा। इसी वजह से नये असंतोष से वे चिंतित लगते है। आत्मविद्या की नई शिक्षा में दीक्षा पाने के लिए वे जगह-जगह चिंतकों तक जाते हैं। ब्रह्मविद्या की यह तीव्र इच्छा सार्वत्रिक बनती है। यह सम्पूर्ण कालखंड क्षुब्ध बौद्धिक व्यापार से ओतप्रोत है (The whole age is thrown into feverish activity intellectually)। कर्मकांड से अलग इस नई विद्या में सम्मिलित होने के लिए हर कोई इच्छुक है। दीपस्तभ के समान, यह नई पराविद्या आर्यों को आश्चर्यकारक तत्त्वज्ञान की आश्वस्त भूमि में ले आती है, जो आर्यों की विद्या का निधान है, जिसे भारत के सब उत्तरवर्ती दर्शन अभिमान से प्रामाण्य और स्फूर्ति का स्रोत स्वीकार करते है।

उपनिषद् का शब्दार्थ

ब्राह्मण ग्रंथो मे उपनिषद् का अर्थ सामान्यतः होता है किसी ग्रथ का या शब्द का रहस्य। लेकिन बृहदारण्यक मे यह शब्द बहुवचन मे किसी वाङ्मयवर्ग का निर्देश करने के लिए आया है, जो उस समय उपलब्ध होगा, इसमे सदेह नही। इस तरह सामान्यतः उपनिषद् 'रहस्य जतानेवाला ग्रथ सिद्ध होता है। इसका निश्चित मूलार्थ (primary sense) संदिग्ध हैं। मॅक्समूलर के अनुसार पहले तो इसका अर्थ विद्यार्थियो का वर्ग (session of pupils) रहा होगा, और बाद मे 'चुने हुए छात्रो को बताया हुआ रहस्य' (secret doctrine communicated to a select number of disciples) के रूप में उसका अर्थ विस्तार हुआ होगा। दूसरी बात यह है कि यह शब्द एक रहस्यमय ग्रथ का नाम (title of a work on a secret doctrine) है। ओल्डेनबर्ग के अनुसार इसका मूलार्थ 'पूजा' होगा। अतः उपनिषद् पहले कोई रहस्यमय पूजा का प्रकार (a secret form of worship) रहा होगा। डायसेन दोनो अर्थों को सम्मिलित करके पहले उसका मूल अर्थ पवित्र शब्द या आगम बताया और फिर वह सिद्धान्त के रूप में

of secret doctrine or Rahasya. Upanisadic texts are generally referred to as Paravidya, the great secret. The Indian usage distinctly implies something secret. Further as Deussen points out it was an ancient custom all over the world to preserve certain important spiritual truths as a secret and to communicate them only to the initated few. Among the Pythagoreans the philosophical doctrines were confined only to the members of that order. Similar was the case during the medieval age. Numerous passages from the Upanisads point to the same reference. There is internal evidence to show that Upanisadic truths were communicated to others with great discretion and very often with great reluctance. The father would select his eldest son as his fit disciple. If the disciple is a stranger to the master the applicant has to serve several years of probation before he can be initiated into the mysteries. Even among the learned men evidently all were not acquainted with the Upanisadic truths. These facts go to support the traditional meaning of the term Upanisad that it is a secret doctrine--that it is a Rahasya, sometimes in the primary sense of secret doctrine. These differences do not matter much. When the initiated talked to one another they must indicate their meaning only by signs which would be understood only by the initiated. This fact explains why the term is used in the sense of a secret word or text.

The Date of the Upanisads--1000 to 500 B.C.:--The Upanisads do not form the composition of the single author. They are many in number. Most probably even a single Upanisad is due to the co-operation of several persons. The Upanisads taken as a whole collection would cover a period of several centuries. Some of the earliest Upanisads take us to the period of Vedic thought and rituals and some of the latest exhibit distinct traces of modern thought and

प्रचलित हो गया। यह अर्थक्रम संभव नहीं, जैसा कि मॅक्डोनाल्ड ने सूचित किया है। शंकराचार्य ने इसका अर्थ दिया है अज्ञान का नाश करनेवाला या ब्रह्मज्ञान कराने वाला (that which destroys ignorance or that which leads to the knowledge of Brahman)। रहस्य के अर्थ में ही भारतीय ग्रंथकार उपनिषद् शब्द का विनियोग करते है। "पराविद्या" (great secret) अर्थ मे उपनिषदों का प्रयोग होता है। इससे रहस्य का बोध स्पष्ट हो जाता है। डायसेन स्पष्ट करता है कि पूरे प्राचीन जगत् में कुछ महत्त्वपूर्ण आध्यात्मिक सत्य को सुरक्षित रखने की परम्परा थी एक रहस्य के रूप में, और उनका उपदेश थोडे से दीक्षावानों को ही दिया जाता था। ग्रीको के पायथागोरियन् सप्रदाय में तात्त्विक सिद्धांत उनके सदस्यों तक मर्यादित रखा जाता था। मध्ययुग मे भी ऐसी ही स्थिति रही। उपनिषदो के बहुतेरे उदाहरण इसी संदर्भ को दर्शाते हैं। उपनिषद् के सिद्धात बहुत सोच–समझ के बाद, और कभी–कभी तो बहुत अनिच्छा से दूसरो को बताए जाते थे। इस तथ्य को स्पष्ट करने के लिए उपनिषदो में अन्तः साक्ष्य मिलते है। पिता अपने ज्येष्ठ पुत्र को योग्य शिष्य के रूप मे चुनता था। अगर शिष्य गुरु से परिचित नही होता, तो उसको कई साल तक सेवा करने के बाद ही रहस्य ज्ञान मिल सकता था। विद्वज्जनों मे भी सब तो उपनिषद् के सिद्धातों को नही जानते थे। अतः उपनिषद् शब्द का मूलार्थ रहस्य रहा होगा, और गूढ तत्त्व का मूलार्थ ही पारपरिक अर्थ है। इसी तथ्य को सब तथ्य पुष्ट करते है। मत भेदो का विशेष महत्त्व नहीं है। जब दीक्षित शिष्य एक दूसरों से बात करते थे, तब उन्हे उनका अर्थ संकेतो से देना पडता था जिसे दीक्षित व्यक्ति ही समझ पाता था। रहस्यमय शब्द या ग्रंथ के रूप मे उपनिषद शब्द का उपयोग इससे स्पष्ट होगा।

उपनिषदों का काल : (1000-500 ई०पू०)

उपनिषद् ग्रंथ किसी एक की रचना नहीं है। उपनिषत्कार संख्या मे बहुत हैं। संभवतः एक उपनिषद् भी अनेकों के सहकार्य से बना है। सब मिलकर कई शताब्दियों का काल समाहित करते हैं। प्राचीन उपनिषदों में से कुछ उपनिषद् हमें वैदिक विचार और कर्मकाड के कालखंड मे ले जाते हैं, तो उत्तरकालीनों मे से कुछ

would even bring us to the period of Mohammedan rule in India. To ask for a chronology of the composition stretching across so many centuries would be neither scientific nor useful. Indian commentators such as Sankara recognised certain Upanisads as genuine and wrote commentaries on them. Scholars generally confine themselves to such Upanisads as are recognised by the well-known commentators. Even here there is no consensus of opinion. Tradition speaks of ten Upanisads; whereas different commentators mention different numbers. If we confine ourselves to the most important and the recognised ones we can say this much of their period of composition. They are distinctly anterior to the rise of Buddhism. So we can safely mention that the Upanisads, the important of them at least, must be placed earlier than the 5th Century B.C. Can we say anything as to the beginning of these Upanisdas? The period generally accepted by Orientalists is about 1000 B.C. Hence the duration from 1000 to 500 B.C. would probably represent the period when the Upanisads were composed.

The Origin of the Upanisads--An interesting controversy is associated with the origin of the Upanisads. We need not emphasise the fact that the *Brahma vidya* of the Upanisads is quite opposed to Vedic ritualism based upon sacrifice. The question therefore arises, "How could this thesophic speculation be logically connected with the Vedic form of ceremonialism?" Many important passages in the earlier Upanisads supply us with a clue. Thus in the Chandogya we find five learned Brahmins requesting one Oudgalya to instruct them concerning the *Atman;* he confessing inability takes them to Asvapati Kaikeya to whom all the six appeal for initiation into the *Atmavidya*. Again in Brahadaranyaka the famous scholar Gargya offers to expound the knowledge of *Brahman* to the king Ajatasatru of Kasi. But his explanation is rejected by the king as erroneous whereupon the Vedic scholar presents himself as a disciple to the king to be instructed in the knowledge of *Atman*. The king does accordingly prefacing his exposition with the remarks that it is a reversal of the rule for a Brahmin to enter himself as a pupil under a Ksatriya in order to have *Brahma* knowledge expounded to him. Again the Chandogya, a king figures as the teacher to a priest whom he addresses as follows:-- "Oh Gautamma! This doctrine has never upto the present time been in circulation among the Brahmins. Therefore in all the world the Government has remained with the warrior caste.' From

में आधुनिक विचारों का पता लगता है, जिससे हम मुगल काल तक आते हैं। अनेक शताब्दियों तक जिसका विस्तार है, उनका कालक्रम पूछना शास्त्रीय नहीं होगा, और न उपयोगी भी। शंकराचार्य जैसे भारतीय टीकाकारों ने कुछ ही उपनिषदों को असली समझकर उनपर टीकाएं लिखीं। ऐसे ही उपनिषदों तक अध्येता विद्वान सीमित रहते हैं। यहां भी मतैक्य नहीं है। परंपरा में दशोपनिषदों का उल्लेख किया गया है। अन्य टीकाकार विभिन्न संख्या देते हैं। यदि हम महत्त्वपूर्ण और माने हुए उपनिषदों का विचार करें तो उनके लेखन काल के बारे में इतना कह सकेंगे कि ये ग्रंथ स्पष्ट तथा बुद्ध के उदय से पहले काल के हैं। तब यह भी कहा जा सकता है कम से कम महत्त्वपूर्ण उपनिषद् ईसापूर्व पाँचवी सदी के पहले काल के होंगे। उनके आरभ के बारे में कुछ कह सकेंगे क्या? प्राच्यविदों ने सामान्यतः एक हजार ईसापूर्व् माना है। अतः दोनों का मध्यकाल उपनिषदों का काल होगा।

उपनिषदों का मूल

मूल के बारे में एक विवाद है। यज्ञों पर आधारित वैदिक कर्मकांड के विरुद्ध ही उपनिषदों की ब्रह्मविद्या के आविर्भाव होने के विषय में अधिक जोर देने की आवश्यकता नहीं है। इससे एक प्रश्न सामने आता है। वैदिक समारंभवाद (ceremonialism) से यह तात्त्विक चिंतन कैसे तर्क से जुड सकता है? प्राचीन उपनिषदो के कुछ महत्त्वपूर्ण उदाहरण हमे इस बारे मे एक दिशा दर्शाते हैं। छादोग्य उपनिषद में पाच विद्वान् ब्राह्मण औद्गल्य से आत्मविद्या बताने के लिए प्रार्थना करते हैं। असमर्थता जताकर वह उन्हें अश्वपति कैकेय से मिलाता है, और सभी छहों लोग उसी से प्रार्थना करते हैं। बृहदारण्यक में भी प्रसिद्ध विद्वान् गार्ग्य काशी के राजा अजातशुत्र को ब्रह्मविद्या स्पष्ट करते दिखाई देते हैं। लेकिन राजा अजातशत्रु उसे भ्रामक कहकर अस्वीकार करता है तो वह विद्वान् गार्ग्य राजा को ही गुरु कहकर उपदेश पाने की आकांक्षा व्यक्त करता है। राजा उपदेश तो देता है लेकिन यह बताकर कि ब्राह्मण होकर भी एक क्षत्रिय का शिष्य बनना नियम के विरूद्ध है। छांदोग्य में एक राजा पुरोहित का गुरु बनकर उसे कहता है कि 'हे गौतम, यह विद्या आज तक ब्राह्मणों मे प्रचलित नहीं थी। इसलिए क्षत्रियों के साथ

these passages scholars like Deussen and Garbe conclude with a very high degree of probability that the doctrine of the *Atman* standing as it did in such sharp contrast to all the principles of Vedic ritual was taken up and cultivated primarily not in the Brahmin but in the Ksatriya circle and was adopted by the former in later time. As against this view it is contended that *Brahma vidya* had its origin in the earlier Vedic literature itself and that the Brahmins them-selves had as much to do with it as the Ksatriyas. In order to understand the full significance of this controversy we have to remember certain important and relevant facts.

Even earlier than the Upanisadic period, in the period of Brahmanas we have traces of rivalry between Brahmins and Ksatriyas. We need not go back to the legendary period of Visvamitra vs. Vasistha, when the former asserted his equality of status with the latter. What is contained in the Brahmana literature is much more historical than such legendary anecdotes. We have a reference to an Aryan tribe in the countries of Kasi, Kosala, Videha and Magadha. The term Kasi is used in plural to denote the people thereof. The Kasis and the Videhas were closely related because of their proximity. Some-times the Videhas were clubbed with the Kosalas. These were always considered by the Kurupancalas as a hostile group. It is a fair conclusion that between these two groups of people there did exist some political conflict, probably based upon some difference of culture. The Satapatha *Brahmana* in which occurs the story of the advance of Aryan civilisation over Kosala and Videha, preserves a clear tradition of its time and furnishes a piece of evidence that in the Kurupancala country lay a great center of *Brahmana* cult. From these it appears to have been brought to the countries of Kasi and Kosala probably by the settlers of a later date. It is probable that the Eastern Countries were less Aryan than the Western ones as they were less completely brought under Brahmin supremacy as the rival systems of Jainism and Buddhism indicate. Among the Kosalas, Videhas and Magadhas the Ksatriyas were ranked above the Brahmins. The social supremacy of the Ksatriyas in these countries is further corroborated by the fact that the later Vedic texts display towards the people of Magadha a marked antipathy which may be

शासन सर्वत्र रहा है' (in all the world the government has remained with the warrior class)। इससे डायसेन और गार्बे निष्कर्ष निकालते हैं कि आत्मविद्या कर्मकांड के सब तत्त्वों के बिल्कुल विरुद्ध है जिसे क्षत्रियो ने ही स्वीकारा और विस्तृत किया और बाद में उसे ब्राह्मणों ने ग्रहण किया। इसके प्रतिवाद मे कहा जाता है कि प्राचीन वैदिक वाङ्मय मे ही ब्रह्म विद्या का उदय है और उससे ब्राह्मणों का उतना ही सम्बन्ध था जितना क्षत्रियो का। इस विवाद को तथ्यात्मकता देने के लिए कुछ महत्त्वपूर्ण और संदर्भित (relevant) घटनाओं (Facts) का स्मरण करना पड़ेगा।

उपनिषदो के पूर्व ब्राह्मण काल में ही ब्राह्मणो में और क्षत्रियों मे आपसी स्पर्धा होने के संकेत मिलते है। विश्वामित्र और वशिष्ठ के बीच हुए विवाद के उल्लेख की आवश्यकता नहीं जिसमें विश्वामित्र ने स्वय को वशिष्ठ के समकक्ष रखने की पेशकश की थी। ऐसे कल्पित कथानको से बहुत अधिक ऐतिहासिक तथ्य ब्राह्मण ग्रंथो मे मिलता है। काशी, कौशल, विदेह, और मगध में आर्यों के कुछ जातियो का सदर्भ मिलता है। काशी याने काशी मे रहनेवाले निवासी जन। विदेह के निवासी उनसे निकट रिश्ते में थे क्योकि दोनो नजदीक थे। विदेह के लोग कभी-कभी कौशलो के विरुद्ध उठते थे, जिन्हे कुरूपाचाल के लोग हमेशा शुभपक्ष के समझते थे। इससे न्याय निष्कर्ष यही होगा कि उन दोनो मे कुछ राजकीय सघर्ष रहा होगा, और उसका बीज कुछ सांस्कृतिक भेद ही था। शतपथ ब्राह्मण मे कौशल और विदेह पर आर्यों के सांस्कृतिक अग्रगमन की कथा है। उस कथा मे उस काल की परपरा का स्पष्ट रक्षण किया गया है, और वह साक्षी देती है कि कुरुपाचाल मे ब्राह्मण सप्रदाय का एक बडा केंद्र (lay a great centre of ब्राह्मण cult) था। वहीं से यह सप्रदाय काशी और कोसल देशो मे सभवतः उत्तरकालीन निवासी लाये होगे। यह संभव है कि पूर्व के देश पश्चिमी देशों से कम आर्य थे, क्योंकि वहां ब्राह्मणों का आधिपत्य कम था, जैसा जैन धर्म और बौद्धधर्म जैसी प्रतिस्पर्धी व्यवस्थाये सकेत करती हैं। कोसल, विदेह और मगध में क्षत्रियों को ब्राह्मणों से ऊँचा समझा जाता था। क्षत्रियों की सामाजिक श्रेष्ठता इससे और मज़बूत सिद्ध होती है कि उत्तरकालीन वैदिक ग्रंथों में मगध के लोगों के प्रति एक

reasonably explained by that people's lack of orthodoxy which may perhaps be traced as far back as Vajasaneya Samhita. In this Samhita (the earlier of the Rg Samhitas) we have a contemptuous reference to the current language used by the Magadhas which perhaps indicate the use of 'Prakrta' in those parts. Even in the Brahmana period there is reference to a prevalent unbelief which is deplored. "Then the unbelief took hold of men, those who sacrificed became more sinful and those who sacrificed naught became more righteous." "No sacrifice then came to the gods from the world." The gods thereupon said to Brhaspati Angirasa--"Verily unbelief has come upon men. Ordainst thou the sacrifice to be done." This Brhespati-Angirsa seems to have accepted and thus revived the sacrificial culture. The Ksatriyas referred to in the Upanisads as the custodians of Upanisadic Rahasys are all of the Kosala--Videha country. Ajatasatru is the king of Kasi, Janaka the king of Videha. The other important names mentioned therein also appear to be Ksatriya names. In Satapatha Brahmana there is a reference to the fact that king Janaka became a convert to Brahminism--a fact which indicates the traditional Brahminical lore reasserting itself.

The founder of Buddhism was himself a Ksatriya of the Magadha country. He was a contemporary of Mahavira. This latter is claimed by the Jainas as the last of religious teachers. Orientalists generally accept this claim and suggest that his predecessor one Parsvanatha was the real founder of Jainism. Leaving open the question of the origin of Jainism we may note the interesting fact about Mahavira's predecessor. According to Jaina tradition Parsvanatha belongs to the ruling family of Kasi. His father was the ruler and his name was Visvasena. The relevant fact for us here is that one of the Ksatriya founders of Jainism belonged to Kasi. If we remember that the central doctrine of Jainism--Ahimsa--originated as a protest against Vedic sacrifice, then we may not be far wrong if we maintain that the "Ksatriya heretics" referred to in the Brahmana literature were probably the earlier founders of Jainism. The Brahmana literature

।वशिष्ट विरोधभाव दिखाई देता है, जिसका स्पष्टीकरण वहा के निासियो की प्रतिगामी वृत्ति से होता है। इस वृत्ति को वाजसनेयि सहिता के समय तक पीछे खोजा जा सकता है। वाजसनेयि संहिता मे मगध की भाषा का तिरस्कार के साथ निर्देश आया है, जो शायद प्राकृत के उपयोग को सूचित करता है। ब्राह्मण काल में भी एक दु:खद अश्रद्धा का निर्देश आता ही है। (prevalent unbelief which is deplored)। बाद मे एक और अश्रद्धा लोगों मे स्थिर हुई, यज्ञ करने वाले ज्यादा पापी माने गये, और जिन्होने यज्ञ नही किए वे अधिक धार्मिक बन गये (Then the unbelief took hold of men, those who sacrificed became more sinful and those who sacrificed naught became more righteous)। 'इससे कोई भी यज्ञ पृथ्वी से देवो तक नही गया' (No sacrifice then came to the gods from the world)। बृहस्पति आगिरस से देवो ने कहा, 'लोगो मे अश्रद्धा आयी है, आप यज्ञ करने की आज्ञा कीजिए'। वृहस्पति ने इसे स्वीकार किया और यज्ञ सस्कृति का पुनरुज्जीवित हुई ऐसा लगता है। जिन क्षत्रियो का उल्लेख उपनिषद् रहस्य के सरक्षक के रूप मे है वे सब कोसल और विदेह के है। जनक विदेह का राजा था। अजातशत्रु काशी का राजा था। दूसरे महत्त्वपूर्ण नाम भी क्षत्रियो के ही दिखाई देते है। शतपथ ब्राह्मण मे राजा जनक ने ब्राह्मणत्व स्वीकारा, जिसका मतलब है पारपरिक ब्राह्मण विद्या पुन मान्य हुई।

बौद्ध धर्म का सस्थापक स्वय मगध का क्षत्रिय था। वह महावीर का समकालीन था। महावीर को जैन लोग अन्तिम तीर्थंकर मानते है। प्राच्यविद् यह दावा मंजूर करते है। वे कहते हैं कि महावीर से पहले पार्श्वनाथ जैन धर्म के असली सस्थापक हैं। हम यह बात यही छोड देते है। जैन परपरानुसार तीर्थंकर पार्श्वनाथ काशी के राजघराने के थे। उनके पिता राजा थे, और उनका नाम था विश्वसेन, हमारा सदर्भ यहा यह है कि जैन धर्म के क्षत्रिय सस्थापको मे से काशी जनपद एक था। जैन धर्म का मूल सिद्धात है अहिसा, जो वैदिक यज्ञो का निषेध करता है। इससे लगता है कि ब्राह्मण वाड्मय मे जिन क्षत्रिय नास्तिको का निर्देश है वे सभवत: जैन धर्म के प्राचीन सस्थापक होंगे। ब्राह्मण ग्रथो में काशी और विदेह के लोगों को विरोधियो के रूप में परिगणित किया गया है। विदेह

we already saw had a sinister reference to the people of Kasi and Videha. The country of Videha also had a religious importance for the Jainas. Jaina tradition speaks of Videha as a *Nityapunya bhoomi*, a place where *Dharma* is always flourishing. The Jaina teachers who succeeded Mahavira, whenever they had any doubt on scriptural matters, went to Videhaksetra to clear these doubts. The very place which is pointed as the abode of heterodoxy is held in high esteem according to Jaina and Buddha traditions. The unbelief referred to in Satapatha Brahmana, the unbelief which manifests in opposition to the Brahmanas, must therefore refer to some sort of Ksatriya movement that must have been prevalent in the countries of Videha and Magadha even prior to the rise of Buddhism. All these facts constitute strong circumsiantial evidence supporting the theory that *Atma vtdya*--the central doctrine of Upanisadic culture first arose fromt he Ksatriyas as a sort of protest against the Vedic sacrificial ritualism, jealously defended by the Brahmins. Upanisadic thought is mainly influenced by the Ahimsa cult associated with Lord Rsabha, a cult prevalent in India even prior to the Arya invasion. Since the Upanisadic thinkers have accepted this Ahimsa doctrine as superior to Vedic ritualism there was a spirit of compromise at that period. Except for rival claims for social domination there was most probably no great difference between the Brahmins and the Ksatriyas of those ages. Both were Aryans and both defended their culture and civilisation from non-Aryan inroads. This is substantiated by the fact that many learned Brahmins welcomed the new movement of *Atma vidya* and were willing disciples under Ksatriya teachers to learn the new truth. If they had any antipathy to the new form of faith they would have exhibited it. They would not have manifested so much eagerness to assimilate it. In fact about the time of Brhadaranyaka we find the tables are completely turned. Yajnavalkya a great teacher in Brhadaranyaka figures as the towering personality. He, a Brahmin, becomes the instructor now and Janaka the king places himself as his disciple. This represents a later stage in the development of Upanisadic thought. Yajnavalkya being a master-intellect successfully incorporated the new doctrine into the old. Ksatriya protestantism in the reform of *Atma-vidya* was so completely assimilated that it ceased

देश का जैनों के लिए भी धार्मिक महत्त्व था। जैन परंपरा विदेह का निर्देश नित्यपुण्य भूमि शब्द से करती है। महावीर के बाद के धर्म शिक्षक धर्मग्रंथों के विषय में संशय आते ही उनके निराकरण के लिए विदेह क्षेत्र को जाते थे। जिसको जैन और बौद्ध परंपराओं ने बहुत आदर दिखाया वह नास्तिकता का देश कहा गया था। ब्राह्मणों के विरोध में व्यक्त हुई जिस अश्रद्धा का शतपथ में निर्देश आया है, उसका संदर्भ किसी क्षत्रिय आदोलन से ही हुआ होगा, जो बुद्ध के पूर्व ही विदेह और मगध देशो में प्रचारित था। यह सब तथ्य इसी बात की पुष्टि करते है कि औपनिषदिक संस्कृति का क्रेन्द्रीय सिद्धांत 'आत्मविद्या' पहले क्षत्रियों में वैदिक यज्ञकर्म के निषेध के रूप में उद्‌भूत हुई, जिसको ब्राह्मणो ने ईर्ष्या से प्रतिरक्षित किया था। ऋषभदेव के अहिंसा सप्रदाय का औपनिषदिक विचारों पर प्रमुख प्रभाव था। यह संप्रदाय आर्यों के आक्रमण से भी पहले भारत में प्रचलित था। उपनिषदों के चिंतको ने वैदिक कर्मकांड से भी श्रेष्ठ रूप में अहिंसा सिद्धांत स्वीकारा था। अतः उस काल में यही समन्वय का आशय था। सामाजिक प्रभाव के लिए स्पर्धात्मक दावों को छोड़ दिया जाए तो संभवतः उस कालखड में ब्राह्मण और क्षत्रियों में बहुत मतभेद नहीं था। दोनों आर्य ही थे, दोनो अपनी संस्कृति का आर्येतर आक्रमण से समर्थन करते थे। बहुत से ब्राह्मणों ने नयी आत्मविद्या का स्वागत किया और वहं समझने के लिए क्षत्रियों का शिष्यत्व भी मन से स्वीकारा, यह बात इस सिद्धांत को दृढ़ बनाती है। उनके मन में यदि कोई विरोध था, तो वह व्यक्त होता। वे इतनी उत्सुकता से नयी श्रद्धा को आत्मसात् करने का प्रयास भी नहीं करते। वास्तव में बृहदारण्यक के समय में ही स्थिति पूर्णतया बदल चुकी थी। बृहदारण्यक में याज्ञवल्क्य (Yajyavalkya) एक महान् व्यक्ति के रूप में आता है। एक ब्राह्मण होते हुए वह राजा जनक का गुरु बनता है। यह उत्तरकालीन स्थिति है। याज्ञवल्क्य बहुत ही बुद्धिमान था। उसने प्राचीन परंपरा में नया सिद्धात निविष्ट करने में यश पाया। क्षत्रियों द्वारा आत्मविद्या में सुधार किया जाना पूर्णतया स्वीकृत हुआ, और वह स्वतंत्र आन्दोलन नहीं रहा। ऐसा ही बाद मे भी भारतीय विचारों के इतिहास में दिखाई देता है। शंकराचार्य ने पूर्णतया बौद्ध विचारों को इतना आत्मसात् किया कि बौद्ध धर्म अस्तित्वहीन हो गया। उपनिषदों के विचार का स्वरूप और

to exist as an independent movement, a phenomenon which is often repeated in the later history of Indian thoughts; for example Sankara completely assimilated Buddhism which led to its extinction. This conjecture is further supported by the nature and development of the Upanisadic thought itself. On account of reconversion of Janaka to the old orthodox ritualism which evidently implies an effected compromise between two rival schools, ridical reformers of the extreme left had to recede entirely from the orthodox centre. They persisted in their protestantism and emphasised their opposition to sacrificial ritualism as a result of which we have birth of Buddhism, Reading facts in this light would agree well with the theory suggested by some oriental scholars on the evidence of the Upanisadic passages themselves that the Upanisadic doctrine of *Atma vidya* first started in the Upanisads as a protest against the sacrificial rites of the *Vedas* and thereafter assimilated and recognised by the priestly class as well.

The Fundamental Doctrine of Upanisads--We have already noticed the Vedic concept of Atman or Brahman. We have to touch upon two other doctrines, Transmigration or metempsychosis and Karma. The latter is in a way the corollary of the former. The doctrine of metempsychosis is peculiar to the age of the Upanisads. There is no trace of it in the Vedic period. So much so scholars are of opinion that the Aryans must have borrowed this from the nonAryans. We know the Egyptians believed in the doctrine. It is certainly a difficult question to settle whether the Upanisadic thinkers borrowed this doctrine from non-Aryans or the Egyptians. Probably the truth is that they borrowed from non-Aryans who were living in the land at the time of the Aryan invasion. They were evidently having a higher form of culture and thus they were champions of a more satisfactory doctrine of Self. The value of any theory depends upon its offering satisfaction to intelletual curiosity. Any theory of creation, any philosophy that retains the importance of human personality and

बिकास देखते हुए यह तर्क पुष्ट होता है। जनक फिर पुराने सनातन कर्मकाड़ मे आया, जिसका मतलब है दोनों स्पर्धकों में समन्वय हुआ, और आत्यंतिक सुधारणावादी को पीछे आना पडा (On account of reconversion of Janaka to the old orthodox ritualism which evidently implies an effected compromise between two rival schools, radical reformers of the extreme left had to vecede entirely from the orthodox centre.)। उन्होने विरोध तो किया ही, जिसके फलस्वरूप बौद्ध धर्म जन्मा। (They persisted in their protestantism and emphasised their opposition to sacrificial ritualism as a result of which we have birth of Buddhism.)। कुछ प्राच्यविदो ने उपनिषदों के ही आधार पर आत्मविद्या का उद्‌गम वैदिक कर्मकाड के विरोध में माना और बाद मे पुरोहितों द्वारा उसे स्वीकृत किया गया। (Reading facts in this light would agree well with the theory suggested by some oriental scholars on the evidence of the Upanisadic passages themselves that the Upanisadic doctrine of **Atma Vidya** first started in the Upanisads as a protest against the sacrificial rites of the **Vedas** and thereafter assimilated and recognised by the priestly class as well)।

उपनिषदों का मुख्य सिद्धांत

आत्मा या ब्रह्म के वैदिक विचारो को अभी हमने देखा। अब हमे पुनर्जन्म और कर्म के दो सिद्धात भी देखना है। कर्मसिद्धात एक तरह से पुनर्जन्म सिद्धात का उपसिद्धात ही है। वह उपनिषद् काल की एक विशेषता है। वेद काल मे उसका चिन्ह नही मिलता। यहा तक कि विद्वानो की धारणा है कि आर्यो ने यह कल्पना अनार्यों से ली होगी। इजिप्शियन लोग इसमे विश्वास रखते थे। उन जैसे अनार्यों से यह सिद्धात उपनिषत्‌कारो ने लिया या नही इस प्रश्न का समाधान करना कठिन है। शायद जो अनार्य आर्यों के आक्रमण के समय इस देश में रहते थे उनसे यह सिद्धान्त लिया होगा। साफ है कि उनकी सस्कृति उच्च दर्जे की थी और वे आत्मतत्त्व के अधिक समाधान के पक्षपाती थे। किसी भी सिद्धात का महत्त्व बौद्धिक कुतूहल को समाधानित करने पर ही निर्भर करता है। जगदुत्पत्ति का कोई भी सिद्धात, या तत्त्वज्ञान जो मानवीय व्यक्तित्व के महत्त्व को संयोजित किये हुए है और उसको सनातन तत्त्व मानता

maintains it to be an eternal principle will be forced not only to look forward to an infinite future but also to trace back to an infinite past. The human personality that is associated with the short span of the present, must somehow be related to a hoary past as well as a glorious future, making the present but a step in this spiritual evolution. It is this process of spiritual development that is the inner meaning of the doctrine of transmigration. It is because of the Truth of this principle of spiritual progress that the Indian mind persists in tenaciously clinging to that doctrine. If this is remembered then we can very well understand that the attitude of Gough and others is more guided by inborn prejudice than by an endeavour to intlectual appreciation. Upanisadic thought is not the babbling of a primitive race but it marks an important stage in the philosophic development of Indian culture. Associated with this doctrine of metempsychosis is the doctrine of Karma. Samsara, the cycle of births and deaths is supposed to be the result of Karma--as a man soweth so doth he reap. Samsara for the Upanisadic thinker meant a meaningless chain of births and deaths heralding a gloomy prospect. The *summum bonum* of life for the Upanisadic thinker therefore consisted in liberation from this chain. The very term Moksa implies "Deliverance", "Liberation." Pessimistic aversion may be present with an inborn optimism of the future, the inherent evil of Samsara and the implied possibility of Moksa. These constitute the correlative doctrine to that of *Brahman* which together form the message of Upanisadic thought. All the latter Indian systems in spite of their mutual differences are permanetly based upon these ideas. This fact stands as an evidence of the unity of their origin, i.e. all the Indian systems are born of the Upanisadic speculations.

The Upanisads and the Western thinkers--The first knowledge of the Upanisads gained by European scholars is an interesting historical fact. A Mogul prince, one of Shah Jehan's sons, evidently influenced by Akbar's dream of universal religion attempted to bring about a union between Hinduism and Islam. With this purpose he translated the Upanisads into Persian for the benefit of his coreligionists. A copy of this Persian translation was presented to a French scholar who was interested in the study of Zoroastrianism. This French scholar translated the Upanisads from Persian to Latin. This Latin version fell

है वह आवश्यकरीत्या अनंत भविष्य को देखने के लिए बाध्य नहीं है बल्कि अनंत भूतकाल का भी वह पता लगा लेता है। वर्तमान की छोटी–सी मर्यादा से सम्बद्ध मानवीय व्यक्तित्व को अति प्राचीनता और सम्पन्न भविष्य से भी जोड़ना चाहिए, जो वर्तमान आध्यात्मिक उन्नति की एक कड़ी बनेगी। आध्यात्मिक उन्नति की यह प्रक्रिया पुनर्जन्म सिद्धांत का आंतरिक अर्थ है। इसी प्रक्रिया के सत्य के कारण भारतीय मन इस सिद्धांत को साग्रह स्वीकारने की कोशिश में रहता है। यह ध्यान में रखें तो गौ (Gough) जैसे लोगो की धारणा बौद्धिक ग्रहण के कोशिश से अधिक स्वभाव सिद्ध (या सहज) पूर्वाग्रह से उद्‌भूत होना समझ में आएगा। उपनिषदों के विचार कोई प्राथमिक अवस्था के लोगों का प्रलाप (babbling) नही है। वह एक भारतीय सस्कृति के तात्त्विक विकास की महत्त्वपूर्ण अवस्था है। कर्मवाद इसीसे सम्बद्ध है। संसार या जन्म–मृत्यु का चक्र कर्म का ही परिणाम माना गया है। मनुष्य जो बीज बोता है उसी के अनुरूप वह फल पाता है। संसार उपनिषत्कारों के लिए एक विषण्ण भविष्य ज़ाहिर करने वाली जन्म–मृत्यु की अर्थहीन शृंखला है। उनके लिए जीवन का अन्तिम ध्येय इस शृंखला से मुक्ति पाने मे ही है। मोक्ष शब्द का अर्थ ही 'छुटकारा पाना' है। इस सहज आशावाद मे नैराश्यपूर्ण टालने की कल्पना, संसार का आंतरिक दोष, और मोक्ष साध्य होने का आशय भी होगा। ब्रह्म सिद्धांत से ये विचार परस्पर सम्बद्ध है, और दोनो मिलकर उपनिषदो का सदेश देते हैं। आपसी मत भेद होते हुए भी उत्तरकालीन दर्शन इन्ही कल्पनाओ पर आधारित है। अर्थात् औपनिषदीय विचारों से सभी भारतीय दर्शन उद्‌भूत हुए हैं।

उपनिषद् और पाश्चात्य विचारक

उपनिषदों का ज्ञान यूरोपियन विद्वानों को पहले कैसे हुआ यह एक मज़ेदार ऐतिहासिक बात है। शाहजहाँ के पुत्रो से एक मुगल राजपुत ने स्पष्टतया अकबर के सर्वमान्य धर्मस्वप्न से प्रभावित होकर हिंदुधर्म और इस्लाम में समन्वय कराने की कोशिश की। इस हेतु से उसने उपनिषदों का फारसी भाषा मे अनुवाद किया, उसी के धर्मानुयायियों के लाभार्थ। इसीकी एक प्रति झोरोस्ट्रियन धर्म के एक फ्रान्सीसी अभ्यासक को प्राप्त हो गई। इस फ्रान्सीसी

into the hands of Schopeuhauer, who by personal temperament and philosophic trandition was eminently fit to appreciate the philosophy of the Upanisads. It was he who first popularised its study among German students. He himself used them as a Bible. "It has been the solace of my life and I hope it will be the same in my death." The Upanisads peculiarly appealed to the German students, because they themselves at the time of Schopenhuer were in possession of a philosophy quite analogous to this.

Deussen on the Upanisads.--Speaking of the concepts of the Upanisads in their realtion to philosophy, Deussen writes : "The whole of religion and philosophy has its root in the thought that the universe is only appearance and not reality. This fact that philosophy has from the earliest times sought to determine the first principle of the universe proves that it started from a more or less clear consciousness that the entire empirical reality is not the true essence of things, that in Kant's words is only appearance and not the thing-in-itself. There have been three occasions on which philosophy has advanced in a clearer comprehension of its recurring task and of the solution demanded. First in India in the Upanisads, again in Greece in the philosophy of Parmenides and Plato and finally at a more recent times in the philosophy of Kant and Schopenhauer". Deussen adds: "All great religious teachers therefore, whether in earlier or later times, may even all those at the present day whose religion rests upon faith are unconsciously followers of Kant. The new testament and the Upanisads, the two noblest products of the religious consciousness of mankind are found, when we sound their deeper meaning, to be nowhere in irreconcilable contradiction, but in a manner the most attractive serve to elucidate and complete one another." The purport of these words of Deussen is that Kant's philosophical agnosticism is the last word in philosophy and that a religion not associated with Kantian metaphysics is far from being a genuine religion. It places the philosophy of the Upanisads on a *par* with that of Kant and Plato

पडित ने फारसी उपनिषदों का लेटिन मे अनुवाद किया। यह लेटिन अनुवाद शॉपेनहॉवर के हाथ में आया। शॉपेनहॉवर स्वभाव से और तत्त्वज्ञान की परपरा से औपनिषदिक का तत्त्वज्ञान ग्रहण करने में अत्यंत योग्य था। जर्मन विद्यार्थियों में यह तत्त्वज्ञान लोकप्रिय करने का कार्य उसी ने किया। उसने खुद उपनिषदो का उपयोग बायबल की तरह किया। उसने कहा था, 'मेरे जीवन में उपनिषद् ही समाधान का स्रोत है, और आशा है कि मृत्यु के समय भी वही समाधान होगा'। उपनिषद् ग्रंथों ने विशेष रूप से जर्मन विद्यार्थियों में रुचि बढाई। इसका कारण यह था कि शॉपेनहॉवर के समय जर्मनो के हाथों में उपनिषदों जैसा ही एक तत्त्वज्ञान था।

उपनिषदों के विषय में डायसन् (Deussen)

उपनिषदो के विचारों और उनसे सम्बन्धित दर्शन के बारे मे डायसन ने लिखा है– "विश्व सत्य नही, केवल एक दिखावा है। इन्ही विचारो मे सब धर्म और तत्त्वज्ञान के सप्रदायों का मूल है। तत्त्वज्ञान मे प्राचीन काल से विश्व के मूल तत्त्व को निश्चित करने का प्रयत्न किया गया है। यही तथ्य इस बात का साक्ष्य है कि तत्त्वज्ञान का उद्‌गम कम–या–अधिक सब अनुभव–विश्व को सत्य या सार नही मानने से ही हुआ है। वैश्विक इतिहास में तीन प्रसंग ऐसे आये जब तत्त्वज्ञान की प्रगति अपने प्रश्नो के समाधान को स्पष्ट रूप से समझने से हुई। यह समझ पहले भारत मे उपनिषद् ग्रंथो मे, फिर ग्रीस मे परमेनाइड्स (Parmenides) और प्लेटो के तत्त्वज्ञान मे, और आधुनिक काल में, काण्ट और शॉपेनहॉवर के तत्त्वज्ञान मे देखी जा सकती है। किसी भी काल खड के धार्मिक आचार्य, आजकल के भी, काण्ट के ही अनुयायी हैं, जिनका धर्म श्रद्धा पर अवलबित है। बायबल का नया भाग और उपनिषद् मानव की धर्मकल्पना के दो उदात्त ग्रंथ हैं। उनका गहन अर्थ यदि ढूँढने लगें तो दिखेगा कि वे विरोधी नहीं हैं, बल्कि प्रभावक ढंग से वे तत्त्व स्पष्ट करते हैं और परस्पर पूरक हैं"। डायसन् का आशय यह है कि काट का अज्ञेयवाद (agnosticism) तत्त्वज्ञान का अतिम शब्द है, और जो धर्म काण्ट के अध्यात्म से सम्बन्ध नहीं रखता उसे धर्म कहना कठिन है। यह विवेचन उपनिषद् के तत्त्वज्ञान को

If he wants to express his admiration of the philosophy of the Upanisads by comparing it to his own national philosophy we have nothing to quarrel about. He is at liberty to choose his own method of critical appreciation. He may quite well regard the Philosophy of Kant and Plato as the only genuine philosophy. But when he says that the philosophy of the Upanisads is the same as that of Plato we have to protest. This is an unwarranted philosophical attitude with certain European scholars who started the study of Indian thought with the unwarranted assumption that the Advaita Vedanta was the one fruit to produce which the whole of Indian life and culture conspired. This bias was further strengthened by the tendencies of European thought moulded by such German thinkers like Kant and Hegel. It requires no serious agrument to show how unfounded the assumption is even if we admit for the sake of argument such an interpretation of the Upanisadic philosophy. We cannot consistently explain the claims put forwar a lld by other systems of Indian philosophy that they are also resting on the Upanisadic authority. The real fact is that all the Indian systems whether orthodox or heterodox are based up on fundamental concepts of Upanisadic thought and that all have the right to claim the authority of their source. This simple fact of History cannot be denied in the face of so much preponderating evidence. To maintain that the Upanisadic thought is the Indian counterpart of Plato or Kant is quite an unwarranted dogma sustained more by personal predilection than by objective evidence. Further Prof. Deussen is justified in maintaining that Plato-Kantian idealism is the best system of philosophy. In spite of the beauty of conception and grandeur of diction Plato's idealism is but a temporary aberration of Hellenic thought which was brought to its equilibrium by his friend and disciple Aristotle. Similar is the case of Kant's transcendental agnosticism. It is but an episode in the career of modern thought quite unconnected with the course of modern culture. As against Deussen's *obiter dictum* we take the liberty to state that the idealism of Plato or Kant is distinctly of a modern thought and marks but the refuge of the defeated intellect sustained more by personal mysticism than by logical necessity. Champions of such a philosophy of the type of Deussen always make the mistake of believing that any other form

काण्ट और प्लेटो के स्तर पर लाता है। अगर डायसन उपनिषदों के तत्त्वज्ञान को अपना कुतूहल मिश्रित आश्चर्य व्यक्त करने के लिए अपने ही राष्ट्रीय तत्त्वज्ञान से तुलना करना आवश्यक समझता है, तो हमे विरोध नहीं करना चाहिए। विद्वान रसग्रहण करने की अपनी पद्धति को अंगीकार करने में स्वतंत्र है। भले ही वह काण्ट और प्लेटो के तत्त्वज्ञान को असली तत्त्वज्ञान समझे। लेकिन जब वह कहता है कि उपनिषदों का तत्त्वज्ञान वस्तुतः प्लेटो का ही तत्त्वज्ञान है, तो हमे उसका निषेध करना चाहिए। कुछ यूरोपियन विद्वानो की तात्त्विक धारणा गलत है। उन्होने भारतीय विचार का अध्ययन ऐसे गलत पूर्वाग्रह से आरंभ किया कि पूरी भारतीय संस्कृति ने अद्वैत वेदात रूप एक ही फल दिया, इस सिद्धान्त को सामने प्रस्तुत किया। काण्ट और हेगेल जैसे जर्मन विचारकों ने जिन्होने यूरोपीय विचार प्रवृत्तियो को आकार दिया। इन्ही यूरोपीय प्रवृत्तियों ने उपर्युक्त पूर्वाग्रह को और मज़बूत किया। उपनिषदो का इस तरीके से मूल्य मापन करना स्वीकार किया भी जाए तब भी यह पूर्वाग्रह के लिए कोई आधार नहीं। यह सिद्ध करने की उतनी आवश्यकता भी नहीं। दूसरे भारतीय दर्शनों का दावा है कि वे भी उपनिषदों के आधार पर ही खडे है, जो हम सुसगति से स्पष्ट नही कर सकेगे। वास्तविक तथ्य यह है कि सब भारतीय दर्शन, आस्तिक और नास्तिक दोनो ही, उपनिषदों के मूलभूत विचारो पर ही आधारित हैं, और सबको उनके स्रोत का प्रामाण्य मानने का अधिकार है। अत्यधिक प्रभावी साक्ष्य के बावजूद इतिहास के इस सीधे तथ्य को नकारा नही जा सकता। उपनिषदों का विचार प्लेटो और काण्ट की केवल भारतीय प्रति है ऐसा मानना एक गलत सिद्धात है, जो वस्तुनिष्ठ साक्ष्य के बजाय वैयक्तिक पूर्वाग्रह से ही अधिक पुष्ट किया गया है। प्लेटो और काण्ट का कल्पनावाद ही तत्त्वज्ञान का उत्कृष्ट सप्रदाय है यह मानने में हम डायसन को समर्थन दे सकते हैं। कल्पना–सौंदर्य और शैली की भव्यता होने के बावजूद प्लेटो का कल्पनावाद हेलेनिक विचार का एक तात्कालिक परिवर्तन मात्र है, जो उसके मित्र और शिष्य ॲरिस्टॉटल् ने स्थिर किया। काण्ट के अलौकिक अज्ञेयवाद की भी वही स्थिति है। वह आधुनिक विचार के इतिहास में एक प्रासगिक आख्यान है, जिसका आधुनिक संस्कृति से बिलकुल सरोकार

of philosophy will be incompatible with the highest aspirations of religious and moral culature. In short, they think that the only alternative to such an effective ideaslism is an impossible materialism. It is because of this assumption that they try to escape into some form of idealism. The birth of idealism is very often due to such intellectual confusiion. In order to safeguard the eternal values of life from the alleged menace of materialism some thinkers propound the doctrine of idealistic metaphysics which ultimately results in nullifying the very eternal values. It ends in repudiating the distinction between truth and error, good and evil and beauty and ugliness. Let us go back to Deussen. He makes the astounding proposition that the true religious philosophy must have as its background something of the Kantian transcendentalism. He says in so many words that the value of a religion consists in its alegiance to a philosphy to which the concrete world is an illsution or maya and life is but a mockery. There may be some kind of religious satisfaction resting on such a metaphysics. But we doubt very much if the Upanisadic religion is of much value only because of this attitude. Again he seems to think that modern Christianity has its value because of its metaphysical idealism which he assumes to be its foundation. We are quire sceptical about this. Neither the foundar of Christianity nor his followers ever believed that the concrete world of reality is but an illusion or an appearance. We rather think that the success and popularity of Christian religion are entirely due to its grasp of concrete life and its emphasis upon the value of human personality. Take away these, it would cease to have any value and with that perhaps it would cease to be a religion. We can only look with dismay when Deussen connects modern Christianity with Kantian idealism. His congratulations on Upanisadic thought because of its similarly to Kantian Idealism we are rather prone to decline because his attitude is corroborated neither by historical development nor by philosophical evidence of later thought in India.

नहीं है। डायसन के आनुषंगिक कथन के विरोध में यह कहने की स्वतन्त्रता हम लेते हैं कि प्लेटो या काण्ट का कल्पनावाद स्पष्ट रूप से आधुनिक विचार है, और वह केवल परामूत बुद्धि का आश्रय है, जिसे तार्किक आवश्यकता से ज्यादा वैयक्तिक गूढवाद ने पुष्ट किया है। डायसन जैसे तत्त्वज्ञान के आग्रही विद्वान् दूसरे किसी भी तत्त्वज्ञान को धार्मिक और नैतिक संस्कृति की उच्चतम अभिलाषाओं से असंगत मानने की गलती सर्वदा करते हैं। संक्षेप में, उनके विचार में ऐसे प्रभावी कल्पनावाद का एक मात्र पर्याय है अशक्य भौतिकवाद। इसी धारणा के कारण वे किसी प्रकार के कल्पनावाद की तरह पलायन करने की कोशिश करते हैं। कल्पनावाद प्रायः ऐसे भ्रान्त बुद्धि में ही जन्म लेता है। भौतिकवाद के आरोपित धोखे से सनातन जीवन मूल्यों का बचाव करने की दृष्टि से कुछ विचारक कल्पनात्मक अध्यात्मवाद का सिद्धांत प्रतिपादन करते हैं, जिसका अंतिम परिणाम सनातन मूल्यों को शून्यवत् करने में ही होता है। इस सिद्धांत का अंत सत्य और भ्रम में, शुभ और अशुभ मे, और सौंदर्य और कुरूपता में होनेवाला भेद नष्ट करने में होता है। डायसन आश्चर्यकारक प्रतिपादन करता है कि सच्चे धार्मिक तत्त्वज्ञान की पार्श्वभूमि काण्ट के अतीन्द्रियवाद का ही एक रूप होना चाहिए। धर्ममूल्य विश्व को भ्रम या माया, और जीवन को उसकी चेष्टामात्र मानकर तत्त्वज्ञान की निष्ठा में है, इसमें कोई धार्मिक समाधान हो सकता है। लेकिन हमे शक है कि औपनिषद धर्म का इतना महत्त्व केवल इसी धारणा से है। डायसन मानता है कि आधुनिक ईसाई धर्म का मूल्य इसलिए है कि उसमें आध्यात्मिक आदर्शवाद है। यही उसका मूलाधार है। इस विषय में हमें शक है। यथार्थ के ठोस विश्व के अस्तित्व में अथवा उसके मायावी या इन्द्रिय ग्राह्य रूप में न क्रिश्चन धर्म के संस्थापक का विश्वास था, न उसके अनुयायियों का। हमारा विचार है कि ईसाई धर्म का यश और उसकी लोकप्रियता पूर्णतः साकार जगत की धारणा और मानवीय व्यक्ति के मूल्य पर बल देने के कारण हुई है। इसके सिवा वह धर्म ही नहीं रहेगा। डायसन ईसाई धर्म का सम्बन्ध काण्ट के कल्पनावाद से जोड़ता है, जो खेद कारक है। उसकी धारणा न ऐतिहासिक विकास से और न इतिहास से उत्तरकालीन भारतीय

व्यावहारिक और पारमार्थिक दृष्टियों के बीच विद्यमान अन्तर को शंकर ने अपने समूचे भाष्य में स्पष्ट किया है। कहा जाता है, उन्होंने इसे बौद्ध दर्शन से उधार लिया है। 'अच्युत' पत्रिका में एक आलेख प्रकाशित हुआ था जिसमें लिखा था कि शंकर ने इसे बौद्ध तत्त्वज्ञान से लिया है क्योंकि इसके पूर्व इनमें विद्यमान अन्तर को कहीं भी स्पष्ट नहीं किया गया। यह लेखक निश्चित ही जैन दर्शन से परिचित नहीं रहा। यदि उसे उसका परिचय रहा होता तो इस प्रकार का चलता-फिरता विचार नहीं रखता। वस्तुतः जैनदर्शन का यह प्रसिद्ध सिद्धान्त है कि ज्ञान प्रमाण और नय से प्राप्त किया जाता है। 'प्रमाण नयैरधिगमः' जैन ज्ञान शास्त्र का मूल सिद्धान्त है। इस परम्परा का अनुकरण करते हुए आचार्य कुन्द-कुन्द ने अपने समयसार का प्रारम्भ व्यावहारिक और परमार्थिक दृष्टिकोणों के बीच अन्तर को स्पष्ट करने के साथ किया है आत्मा की व्याख्या करते समय। उन्होंने परमार्थिक नय को समझने के लिए व्यावहारिक नय को समझने पर बल दिया है। उनके अनुसार सभी लोग आत्मा की मूल प्रकृति को समझने में सक्षम नहीं होते। इसलिए शिष्य की योग्यता के अनुसार उसे सिद्धान्त की शिक्षा देनी चाहिए उसी तरह जिस तरह शिष्य को उसी भाषा में समझाया जाता है जिस भाषा से वह परिचित होता है। यदि शिष्य संस्कृत नहीं जानता और गुरु उसे संस्कृत माध्यम से समझाता है तो न शिष्य को समझ में आयेगा और न गुरु उद्देश्य सफल हो पाएगा। इसी तरह सर्वसाधारण लोगों के लिए तत्त्वज्ञान को व्यावहारिक दृष्टिकोण के माध्यम से समझाया जा सकता है। इस दृष्टि से आचार्य कुन्द-कुन्द ने हर समस्या पर व्यावहारिक और परमार्थिक दृष्टि से विचार किया है और यह स्पष्ट किया है कि पारमार्थिक दृष्टि को समझने के लिए व्यावहारिक दृष्टि का उपयोग करना नितान्त आवश्यक है। इस दृष्टि से विचार किया जाए तो लगता है शकराचार्य कुन्द-कुन्दाचार्य की दृष्टि का ही अनुकरण कर रहे हैं।

THE INDIVIDUAL AND THE SAMSARA

Both Sankara and Kundakunda adopt identically the same attitude as to the nature of the individual self. Both maintain that the individual soul is identiccal with the ultimate reality, the Supreme Self. Sankara following the traditional language of Jaina metaphysics calls this ultimate reality Paramatman, or the Supreme Self. Even according to Sankara the Brahma and Paramatma are synonymous and interchangeable. Both the thinkers maintain that the individual self in the concrete world is ultimately identical with this absolute reality or Paramatma. The nature of the individual self in concrete experience is the result of limitations imposed upon the ultimate reality, Paramatma. The limiting conditions are very often spoken of as Upadhi, which is responsible for clouding the true nature of the ultimate reality. Kundakunda compares the ultimate reality with the shining sun in all his brilliance and the individual self is compared to the sun hidden by a dense layer of clouds which hides the sunshine. According to the variation in the density of the cloud, the rays of the sun will permeate through the clouds and make the sun visible in varying intensity. These variations in the appearance of the sun correspond to the various stages of spiritual developments of the individual soul. When the clouds completely get dispersed the sun begins to shine in all his glory without any intervening interruption. Exactly in a similar manner, Karmic upadhis of different density obstruct the self shining Supreme Atman where the Self will shine in its pristine purity and glory when all the karmic upadhis are destroyed and got rid of. The doctrine of identifying Jivatma and Paramatma is common to both Sankara and Kundakunda. In this connection it is worth pointing out that both Kundakunda and Sankara in their commentaries used the world "Advaita" the indication of the oneness of Jivatma and Paramatma, a term which becomes the central doctrine of Sankara's philosophy. It only means that the doctrine is common to both the Upanisadic thought and the Jaina thought. This individual self which is merely the Paramatma limited by Upadhic conditions is subject to transmigration, the cycle of births and deaths. This career of births and deaths which is the peculiar property of the individual self is a result of the ultimate self-forgetting its own nature and identify in itself with the external objects of the non-Self. This confusion between the nature of the Self and the non-Self is pointed out as the ultimate cause of transmigratory existence of the individual soul both in the Jaina system as well as in the Vedantic systems. The initial error or Adhyasa or Mithya is recognised to be the cause of Samsaric existence by both the thinkers. Both maintain that this

व्यक्ति और संसार

शंकर और कुन्द-कुन्द, दोनों आत्मा की प्रकृति की व्याख्या करते समय समान पद्धति का आश्रय लेते हैं। दोनों की यह विचारधारा समान है कि व्यक्ति की आत्मा परमात्मा का ही एक रूप है। शंकर जैन तत्त्वज्ञान की पारम्परिक भाषा का अनुकरण करते हुए इसे परमात्मा कहते हैं। यहा तक कि उन्होंने ब्रह्मन् और परमात्मा को समानार्थक माना है। दोनो दार्शनिक यह मानते हैं कि ससारी आत्मा परमात्मा से सबद्ध है। ससारी आत्मा की प्रकृति परमात्मा की प्रकृति की सीमा का परिणाम है। यह सीमा उपधि के कारण है। कर्म रूप मेघ के कारण ही परमात्मा का स्वरूप आवृत रहता है। कुन्दकुन्द ने परमात्मा की तुलना सूर्य की चमकती रोशनी से की है और बहिरात्मा की तुलना सघन मेघ से की है जिसने सूर्य की रोशनी को आच्छादित कर लिया है। मेघ की सघनता में जहा कही अन्तर बना रहता है और तदनुसार सूर्य की किरणे हीनाधिक रूप मे पृथ्वी पर प्रगट होती रहती है। यह भिन्नता संसारी आत्मा की आध्यात्मिक विकास की भिन्नता को सूचित करती है। जब सूर्य मेघ से निरावृत हो जाता है तो वह अपनी समूची शक्ति से पृथ्वी को प्रकाशित करता है। इसी तरह जब कर्म रूप उपधि से आत्मा पूर्णतः मुक्त हो जाता है तब वह अपने विशुद्धतम मूल रूप में प्रगट हो जाता है। दोनों आचार्यों के सिद्धान्तों मे जीवात्मा और परमात्मा समान रूप से प्रयुक्त हुआ है और उनकी व्याख्याओं में दोनो की युगनद्धता को 'अद्वैत' शब्द से व्याख्यायित किया है। शंकर का तो अद्वैतवाद वैसे ही सर्वाधिक प्रसिद्ध हुआ है। तात्पर्य यह है कि यह सिद्धान्त उपनिषदिक और जैन, दोनों परम्पराओं को मान्य है। जीवात्मा अथवा बहिरात्मा कर्म रूप उपधि के कारण जन्म-मरण की प्रक्रिया में संसार मे भटकता रहता है और परमात्मा के स्वरूप तक नहीं पहुंच पाता है। दोनों दर्शनो में इस तथ्य को स्वीकारा गया है। संसार का कारण अध्यास या मिथ्या है, यह दोनो ने माना है। दोनों यह भी मानते हैं कि बाह्य पदार्थों से आसक्ति दूर होने पर मोक्ष या निर्वाण मिलता है। संसार कर्म का फल है। यदि आचरण सम्यक् है तो उसका फल भी सम्यक्-शुभ होगा अन्यथा अशुभ होगा। इस तरह व्यक्ति की कार्मिक

Samsaric existence is without beginning-Anadi. Moksa or Liberation consists in getting rid of this transmigratory existence through the discriminating knowledge of the self as distinct from the external objects. The individual self in this transmigratory existence or Samsara is determined by its own karmic activity at every stage. If his conduct is good he is destined to have happiness as the fruit of karma, if otherwise misery. The variation in the individual hedonic experience is thus attributed to the individual's own action good or bad. Even here both the thinkers are at one. Sankara in spite of his enthusiastic advocacy of unqualified monism concedes this point that the individual souls are determined by their respective karmas, good or bad, and that the ultimate Brahma is not responsible for such individual conduct. Answering to the objection that the creative Brahma must be responsible for the inequalities among the individual souls, Sankara writes:

"The Lord, we reply, cannot be reproached with inequality of dispensation and cruelty 'because he is bound by regards.' If the Lord on his own account, without any extraneous regards, produced this unequal creation, he would expose himself to blame; but the fact is, that in creating he is bound by certain regards, i.e., he has to look to merit and demerit. Hence the circumstances of the creation being unequal is due to the merit and demerit of the living creatures created, and is not a fault for which the Lord is to blame. The position of the Lord is to be looked as analogous to that of Parjanya, the Giver of rain. For as Parjanya is the cocmmon cause of the production of rice, barley and other plants, while the difference between the various species is due to the various potentialities lying hidden in the respective seeds, so the Lord is the common cause of the creation of gods, men, etc., while the difference between these classes of being are due to the different merit belonging to the individual souls." In this passage Sankara appears to drop out the Advaitic doctrine that the Brahma is the material cause or the Upadana Karana of the individual souls. The individuals souls are assumed to subsist with all their individual merits and demerits irrespective of the occurrence of Pralaya and fresh creation. By bringing in the analogy of Parjanya, he converts the first cause of Brahma to Nimitta Karta like the potter making a pot out of clay. This attitude is in conflict with the general advaitic attitude. In order to save the Brahma from the responsibility of being the author of inequality existing in the world, he has to assume the independent reality of the individual souls. So far Sankara entirely agrees with the Jaina attitude represented by

प्रकृति की भिन्नता के आधार पर उसके सुख–दुख में भिन्नता होती है। शंकर यहां यह भी मानते दिखाई देते हैं कि इस भिन्नता में ब्रह्मन् की कोई जिम्मेदारी नहीं है।

सृष्टिकर्त्ता ब्रह्मन् संसारी आत्मन् के बीच इस भिन्नता के लिए कहां तक उत्तरदायी ठहरता है, इस प्रश्न का उत्तर देते हुए शंकर कहते हैं – ईश्वर को इस भिन्नता के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। यदि बिना किसी कारण वह प्राणियों के बीच यह भिन्नता रखता है तो वह दोषी सिद्ध होगा। पर तथ्य यह है कि उसे इस भिन्नता को सिद्ध करने के लिए प्राणियों के शुभ–अशुभ कर्मों की ओर विचार करना पड़ेगा। उनके शुभ–अशुभ कर्मों के अनुसार उन्हें सुख–दुःख मिलेगा। इसमें ईश्वर को कोई दोष नहीं दिया जा सकता है। ईश्वर यहां मेघ जैसा है। क्योंकि जैसे मेघ धान्य और अन्य सभी पौधों के उत्पादन में समान कारण है पर अन्तर है उनमें रहने वाली बीजगत योग्यता की भिन्नता। इसी तरह ईश्वर मनुष्यों और प्राणियों की सृष्टि में समान कारण है पर उनमें जो भिन्नता दिखाई देती है उसका कारण है उनमे रहने वाली कर्मों की प्रकृति की भिन्नता। इस उदाहरण में शंकर ने इस अद्वैत सिद्धान्त को छोड़ दिया है कि ब्रह्मन् वैयक्तिक आत्मा मे उपादान कारण है। जीवात्मा अपने शुभ–अशुभ कर्मों से अस्तित्व में रहता है। पर्जन्य की तुलना करने पर शंकर ने ब्रह्मन् को निमित्त कारण के रूप में स्वीकार किया है उसी तरह जिस तरह एक कुम्हार मिट्टी का घड़ा बनाने में निमित्त कारण सिद्ध होता है। यह विचारधारा अद्वैत विचारधारा से मेल नहीं खाती। ब्रह्मन् को सांसारिक प्राणियों के बीच देखी जाने वाली भिन्नता के उत्तरदायित्व से बचाने

While maintaining that the confusion of the Self with the Non-Self constitutes the initial mithya or the error, both the thinkers part company in further elaborations of their systems. It is certainly an error to identify the Self with the sense-characteristics which are peculiar to the physical body because the sense qualities of colours, taste and smell have nothing to do with the nature of the Self. Birth, old age, decay and death are all characteresties alien to the conscious Self. Social and economic distinction in the individual also pertain to the body and cannot be transferred to the Self. In short the Self is a Cetana entity and the non-Self is an Acetana entity, which is the object of sense perception. Both Sankara and Kunda-kunda therefore maintain, one following the tradition of Vedantism and the other following the tradition of Jainism, that it is mithya to speak of the body as Self. Kundakunda stops with this statement and Sankara goes beyond this. For the latter it is not only an error to confuse Self with the body, the body itself becomes mithya or illusion. Therefore Kundakunda has to call, Halt! It is only the false identification that is error. The non Self is not mithya or illusion. This is the fundamental difference between the two systems of metaphysics, Sankara's Advaitism and Sri Kundakunda's Jaina metaphysics. Sankara seems to forget his own statement in the introduction of the fundamental distinction between the Self and the Non-Self when he comes to propound his theory of unqualified monism, by denying the reality of external world itself.

Nature and the External World

The reality of the external world is admitted by the Jaina metaphysics as in the case of Sankhya philosophy. The Upanisadic thought also maintains the reality of the external world in spite of its pantheistic monism. The other commentators of Vedanta Sutras, besides Sankara also maintain the reality of the external world. Sankara himself while contradicting the Buddhistic school of Vijnanavada accepts the doctrine of the reality of the external world in refuting the Buddhistic school. The Vijnanavada school of the Buddhistic philosophy which maintains that the external reality is merely a manifestation of consciousness is condemned by Sankara by pointing out the difference between the purely imaginary world of

dream and the concrete world of sense-perception. There he maintains that the difference in the psychic ideas are intelligible only on the supposition that the psychic images are direct effects of a permanent object in reality. This faith in the reality of the external world which he employs in refuting the Buddhistic metaphysics, he drops out completely when he tries to propound his own theory of Maya according to which the whole of the external reality is converted into a dream-world of unreality. This particular doctrine of Sankara is incompatible with the Jaina metaphysics.

The origin of the concrete world--The popular view as to the origin of the concrete world that it is due to the creative activity of an Isvara is rejected by Jaina philosophy. It is also rejected by Sankhya, Yoga and Mimamsa systems of thought. Sankara also rejects this theory when he ciriticises the Vaisesika system and the Pasupata system. The concrete world from the creator or an Isvara as a result of his creative Will is thus completely discarded by Sankara also. He maintains that it is a result of the manifestation of the ultimate reality, Brahma. In order to establish this doctrine that the world is the result of the manifestation of the Brahma he elaborately discusses the Sankhya view of deriving cosmos from Prakrti, the Acetana root cause of the concrete world according to the Sankhya school. Sankhyas and the Jainas staunchly maintain the difference between the Cetana Self and the Acetana Non-Self. Prakrti of the Sankhyas exactly corresponds to Pudgala or matter of the Jains. Since this is contradictory to the nature and attributes of the Self both the systems maintain that it is impossible to obtain one from the other. Therefore they regard both the Cetana and Acetana entities as not only distinct and independent of each other but both are utlimate realities existing permanently uncreated and indestructible. But Sankara in order to defend the Vedantic doctrine of the Brahma has somehow to derive the Acetana entity also from the same first cause, Brahma. Kundakunda clearly points out that this is impossible. If the doctrine of the identity of the cause and effect is accepted--Sankara also does accept this doctrine--these two contradictory effects, the Acetana Non-Self and the Cetana Self cannot be produced by the same cause, the Brahma, which is taken to be a Cetana entity according to the Upanisadic thought. How can the Centana Brahma produce Acetana effect-matter, is the objection raised by the Sankhyas as well as the Jainas. Sankara himself concedes to the fundamental difference between the two in

के लिए उन्हे सांसारिक प्राणियो की स्वतन्त्रता को स्वीकार करना पडा। इस तरह यहा तक शकराचार्य कुन्द–कुन्दाचार्य की विचारधारा से बिलकुल सहमत हैं।

आत्मा और अनात्मा के बीच भेद को समझने में जो मूलतः गलती हुई है उसे दोनो चिन्तको ने स्पष्ट करने का प्रयत्न किया है। यह निश्चित ही एक मिथ्या भ्रम रहा है जहा आत्मा को इन्द्रियों के साथ रखा गया है। क्योकि स्पर्शन, रसना, घ्राण आदि इन्द्रियो की विशेषताओ का कोई भी सम्बन्ध आत्मा से नहीं है। जन्म, वृद्धावस्था, मरण आदि विशेषताये आत्मा को इन्द्रियो से पृथक् करती है। सक्षेप मे चेतन आत्मा है और अचेतन अनात्मा है, निर्जीव है। शकर और कुन्दकुन्द दोनो दार्शनिक इस तथ्य को स्वीकार करते है। एके वेदान्तिक परम्परा को मानते है तो दूसरे जैन परम्परा को कि देह को आत्मा मान लेना मिथ्या है। कुन्दकुन्द इतना ही कहकर रूक जाते हैं पर शकर उसके आगे चले जाते हैं। शकर के लिए देह को आत्मा मान लेना मात्र मिथ्या ही नही है बल्कि देह ही मिथ्या है। इसलिए कुन्दकुन्द को कहना पडा कि रुको, यह विचार बिलकुल गलत है। यह दोनो दार्शनिकों के सिद्धान्तो मे अन्तर है। शकर स्वय महाभाष्य में प्रवेदित आत्मा और अनात्मा के बीच रहने वाले भेद को भूल जाते है जब वे बाह्य पदार्थों के अस्तित्व को अस्वीकार कर एकेश्वरवाद किंवा अद्वैतवाद की स्थापना करते है।

प्रकृति और बाह्य संसार

बाह्य ससार की यथार्थता को जैन तत्त्वज्ञान ने साख्य तत्त्वज्ञान के समान स्वीकार किया है। उपनिषदिक विचारधारा ने भी एकेश्वरवाद को स्वीकार करने के बावजूद बाह्य ससार की यथार्थता को अस्वीकार नही किया है। शकर के अलावा वेदान्त सूत्र के अन्य व्याख्याकार भी इससे सहमत है। शकर ने स्वयं बौद्ध विज्ञानवाद का खण्डन करते समय बाह्य संसार के अस्तित्व को स्वीकार किया है। विज्ञानवाद के अनुसार बाह्य यथार्थता चेतना का मात्र प्रकाशन है। शंकर ने इसका खण्डन किया है स्वप्न के शुद्ध कल्पनात्मक ससार और इन्द्रिय प्रत्यक्ष द्वारा जाने गए ठोस

संसार के बीच अन्तर को स्पष्ट करते हुए। यहां उनका कहना है कि मानसिक विचारों में अन्तर तभी मान्य हो सकता है जब इस कल्पना को हम स्वीकार कर लें कि मानसिक प्रतिमूर्तियां पदार्थ के स्थायी अस्तित्व के सीधे प्रभाव से जुड़ी रहती हैं। शंकर ने बौद्ध विज्ञानवाद के खण्डन करते समय अपने इस सिद्धान्त की तिलांजलि दे दी और मायावाद की स्थापना कर दी। इसके अनुसार समूची बाह्य यथार्थता अयथार्थता के स्वप्न संसार में परिवर्तित हो गई। शंकर का यह मायावाद सिद्धान्त जैन तत्त्वज्ञान से मेल नहीं खाता।

संसार की उत्पत्ति

संसार की सृष्टि का कर्त्ता ईश्वर है इस लोकप्रिय सिद्धान्त को जैन तत्त्वज्ञान ने बिलकुल अस्वीकार कर दिया। इस सिद्धान्त को सांख्य, योग और मीमांसा दर्शनों ने भी स्वीकार नहीं किया। शंकर ने भी इस सिद्धान्त का खण्डन किया है वैशेषिक और पाशुपत दर्शनों का खण्डन करते समय। उनका कहना है कि यह संसार ब्रह्म के प्रकाशन की फलश्रुति है। इसको स्पष्ट करने के प्रसंग में उन्होंने सांख्य सिद्धान्त की प्रकृति को प्रस्तुत किया जो अचेतन है पर संसार का मूल कारण है। सांख्य और जैन दर्शन चेतन और अचेतन में अन्तर को समान रूप से मान्य करते हैं। सांख्य का प्रकृतिवाद जैनों के पुद्गलवाद से बिलकुल मिलता–जुलता है। चूंकि यह प्रकृति और आत्मा की विशेषताओं से विपरीत है, दोनों सिद्धान्त यह मानते हैं कि एक से दूसरे को पाना असंभव है। इसलिए वे मानते हैं कि चेतन और अचेतन पदार्थ अलग और एक दूसरे से स्वतन्त्र ही नहीं हैं बल्कि वे अन्तिम सत्य हैं और स्थायी रूप से अकृत और ध्रुव रूप में अस्तित्व में हैं। परन्तु शंकर वेदान्तिक सिद्धान्त को परिपुष्ट करने की दृष्टि से यह विचार रखते हैं कि ब्रह्मन् अचेतन पदार्थ भी किसी तरह ब्रह्मन् से उत्पन्न हुए हैं। कुन्दकुन्द इसे असंभव मानते हैं। यदि कारण और फल की एकात्मता को स्वीकार किया जाए जैसा शंकर स्वीकार करते हैं तो फिर चेतन और अचेतन जैसे दो विरोधी तत्त्वों की उत्पत्ति के कारण रूप में चेतन ब्रह्म को कैसे स्वीकार किया जा सकता है? चेतन ब्रह्म द्वारा अचेतन पदार्थ को कैसे उत्पन्न किया जा सकता है? सांख्यों और जैनों ने यह प्रश्न

his introduction when he speaks about the Adhyasa which is the root cause of Samsara and yet since he has to defend the Vedantic pantheism he seems to forget his own doctrine and uses his ingenuity to prove that it is possible to derive Acetana non-Self from the Cetana Brahma. How far he succeeds in his attempt is certainly an open question to be decided by the readers of his commentary.

The Doctrine of Causation

Kundakunda following the tradition of Jaina metaphysics speaks of two different causes, Upadana karana and Nimitta karana, material cause and instrumental cause. For example, clay is the material out of which the jar is made. In this case the material out of which the thing is made is the Upadana karana. For transforming the clay into the jar you require the operation agent, the potter, the potter's wheel on which the clay is moulded, and the stick with which he turns the wheel and so on. All these come under the Nimitta karana or the instrumental cause. This distinction is considered very important in Jaina metaphysics. The Upadana karana or the material cause must be identical with its effect. There can be no difference in nature and attributes between the material cause and its effect. From clay we can only obtain a mud-pot. Out of gold you can only obtain a golden ornament. Out of gold you cannot obtain a mud-pot nor out of clay can you obtain a golden ornament. The relation between the material cause and its effect is exactly corresponding to the modern conception of Causation, that wherever the cause is present the effect would be present and wherever the effect would be present the cause must have been present. Again negatively, if the cause is absent the effect must also be absent and conversely if the effect is absent the cause must also be absent. Following this doctrine of identity between the cause and effect, Kundakunda maintains consistent with the Jaina metaphysics, that the Cetana cause can only produce Cetana effects, and that non-Cetana cause can only produce non-Cetana effects. Accordingly he has to reject the Vedantic doctrine of deriving both Cetana and non-Cetana effect from the real causes of Brahma which cannot contain in himself, the contradictory causal potencies to produce two contradictory effects. Strangely the Vedantic doctrine which maintains the Brahma to be the ultimate cause of all reality also maintains the non-difference in cause and effect.

Commenting on these sutras, Sankara writes, "For the following reason also the effect is non-different from the cause, because only when the cause exists the effect is observed to exist and not when it does not exists. For instance, only when the clay exists, the jar is

समान रूप से उठाया है। अध्यास के प्रसग मे शकर ने भी माना है। पर वेदान्तिक एकेश्वरवाद को सिद्ध करते समय वे इस तथ्य को भूल गए। भाष्य को पढते समय पाठक इस पर स्वयं विचार कर सकते है।

कारणवाद का सिद्धान्त

कुन्द–कुन्द जैन परम्परा के अनुसार उपादान कारण और निमित्तकारण की चर्चा करते हैं। उदाहरण के तौर पर घड़े के निर्माण मे मिट्टी उपादानकारण है। मिट्टी के बिना घडा बन नही सकता। कुम्हार, चाक, जल आदि निमित्त कारण है। जैन तत्त्वज्ञान में इन दोनो कारणों के बीच विद्यमान अन्तर बडा महत्त्वपूर्ण है। उपादान कारण मे अपने कार्य रूप फल से समानता होनी चाहिए, उनमे कोई अन्तर नही है। मिट्टी से हम मात्र घडा पा सकते है। स्वर्ण से आप मात्र स्वर्णाभूषण पा सकते है। स्वर्ण से मिट्टी पात्र नही बन सकता और न मिट्टी पात्र से स्वर्णाभूषण। उपादानकरण और उसके कार्य की तुलना आधुनिक कारणवाद के साथ ही की जा सकती है जिसके अनुसार जहा कारण है वहा कार्य निश्चित रूप से होगा और कार्य जहा होगा वहा कारण भी होगा। यदि कारण नही होगा तो कार्य भी नही होगा और कार्य नही होगा तो कारण भी नही होगा। इस आधार पर कुन्द–कुन्द यह सिद्धान्त प्रस्तुत करते है कि चेतन से चेतन पदार्थ उत्पन्न होगा और अचेतन से अचेतन पदार्थ। इससे उन्होने वेदान्तिक विचारधारा का खण्डन किया है। आश्चर्य है, वेदान्तिक विचारधारा जो ब्रह्मन् को पूर्ण सत्य मानती है और सभी पदार्थों की उत्पत्ति मे मूल कारण स्वीकार करती है, भी कारण और कार्य मे अभेद मानती है।

सूत्रो की व्याख्या करते हुए शकर लिखते है – "निम्नलिखित कारणो से भी कारण और कार्य मे अभेद माना जा सकता है क्योकि जब कारण रहता है तभी कार्य दिखाई देता है अन्यथा नहीं।

observed to exists. That it is not a general rule when one thing exists, another also is observed to exist, appears for instance, from the fact that a horse which is other or different from a cow is not observed to exist only when a cow exists. Nor is the jar observed to exists only when the potter exists. For in that case the non-difference does not exist although the relation between the two is that of an operating and its effect."

Again he writes "Ordinary experience teaches us that those who wish to produce certain effect such as curds, or earthern jars, or golden ornaments employ such as milk, clay and gold. Those who wish to produce sour-milk do not employ clay, nor do those who intend to make jars employ milk and so on. But according to that doctrine which teaches that the effect is non-existent (before its actual production) all this should be possible. For if before their actual origination all effects are equally non-existent in any causal substance, why then should curds be produced from milk only and not from clay also and jar from clay only and not from milk as well. Again he writes, "As the ideas of cause and effect on the one hand and of the qualities on the other are not separate ones, as for instance the ideas of a horse and a buffalo, it follows that the identity of the cause and the effect as well as of the substance and its qualities has to be admitted.

From these quotations it is quite clear that Sankara's conception of cause and effect is the same as Kundakunda's. The former following the traditions of Vedantism and the latter the tradition of Jaina metaphysics. Both maintain that the cause and effect are identical and that particular cause can produce an effect entirely identical in nature with the cause. They both maintain that the cause and effect are identical in nature. Hence they both reject the view that the effect is non-existent in the cause and occurs as a new thing just after the cause. And therefore they both maintain that the effect is present in the cause though only in the latent form. Clay is shaped into a jar and gold is transformed into an ornament. The jar as such is not present in clay already, nor is the ornament as such present in gold. Therefore the effect is the result of causal manifestation. Thus according to Jaina Metaphysics, the effect is identical with the cause and yet the effect is slightly different from the cause. From the point of view of the underlying substance the effect and cause are identical. From the point of view of manifested form and change, the effect is different from the cause. Thus cause and effect may be said to be

उदाहरणतः जब मिट्टी रहती है तभी घड़ा दिखाई देता है। यह एक नियम नहीं बनाया जा सकता है कि जब एक वस्तु सामने रहेगी तभी दूसरे का अस्तित्व दिखाई देगा। घोड़ा, गाय से भिन्न है पर गाय के रहते हुए घोड़ा दिखाई नहीं देता। इस तरह कुम्हार के रहते हुए भी घड़ा दिखाई नहीं देता। अतः अभेद सिद्ध नहीं होता यद्यपि दोनों में कारण कार्य भाव रहता है।"

पुनः वे लिखते हैं "साधारण अनुभव हमें यह सिखाता है कि जो व्यक्ति दही, घड़ा या स्वर्णाभरण चाहते हैं वे क्रमशः दूध, मिट्टी और स्वर्ण का उपयोग करते हैं। जो दही आदि चाहते हैं वे मिट्टी आदि का उपयोग नहीं करते। पर उस सिद्धान्त के अनुसार जो यह सिखाता है कि कार्य उत्पत्ति के पूर्व अस्तित्व में नहीं रहता, यह संभव दिखता है। यदि सभी कार्य उत्पत्ति के पूर्व अस्तित्व में नहीं रहते तो फिर दही का उत्पादन केवल दूध से कैसे होता, मिट्टी से क्यों नहीं और घड़ा का उत्पादन केवल मिट्टी से क्यों होता, दूध से क्यों नहीं। पुनः वे लिखते हैं कारण और कार्य एक ओर तथा गुण दूसरी ओर पृथक् नहीं हैं। उदाहरण के तौर पर घोड़े और भैंसे को लीजिए, दोनों में कारण और कार्य तथा पदार्थ और गुण की एकात्मकता स्वीकार करनी पड़ेगी।"

इन उदाहरणों से यह स्पष्ट है कि शंकर का कार्य कारणवाद कुन्द–कुन्द के कार्यकारणवाद से मेल खाता है। शंकर वेदान्तिक विचारधारा का अनुकरण करते हैं और कुन्द–कुन्द जैन तत्त्वज्ञान का। दोनों यह स्वीकार करते हैं कि कार्य और कारण अभिन्न हैं, तद्रूप हैं और एक निश्चित कारण एक निश्चित तद्रूप कार्य को उत्पन्न करता है जो कारण की प्रकृति से अभिन्न है। दोनों यह मानते हैं कि कार्य और कारण प्रकृति से तद्रूपात्मक होते हैं। परिणामतः दोनों इस सिद्धान्त को अस्वीकार करते हैं कि कार्य कारण में विद्यमान नहीं रहता और एक वस्तु को कारण के बाद उत्पन्न करता है। इसलिए दोनों यह मानते हैं कि कारण कार्य में विद्यमान रहता है यद्यपि मात्र अदृश्य रूप में। मिट्टी घड़े के रूप में और स्वर्ण आभूषण के रूप में बदल जाता है। न घड़ा मिट्टी में है और न आभूषण स्वर्ण में। इसलिए कार्य कारण का प्रकाशन है। इस प्रकार जैन तत्त्वज्ञान के अनुसार कार्य कारण का तद्रूप है फिर भी कार्य कारण

identical in one sense and different from another point of view. In the last quoted paragraph Sankara applies the same doctrine of identity and difference also to the relation between substance and its qualities. The substance and its qualities are inherently identical though they are different in another aspect. This attitude of Sankara is identical with the Jaina attitude as to the relation between Dravya and Guna, substance and attributes. Both Sankara's Vedantism and Kundakunda's metaphysics are at one in rejecting the Vaisesika doctrine that substance and qualities are two different distinct categories brought together by a third category Samavaya which conjoins the two. Rejecting this Vaisesiaka view of the difference between substance and qualities it is maintained by both Sankara and Kundakunda that they are identical in nature.

One and the Many

To speak of a thing as one or many is entirely dependent upon the point of view you adopt. The same material clay may be transformed into various clay vessels and the same material substance gold may be transformed into various kinds of ornaments. If you emphasise the underlying substance the mud-pots and jars will be identical in the same nature. They all belong to one class and similarly ornaments may be said to be golden since they belong to one class. But if you emphasise the ornaments or the pots, they are many in number. Or take the case of a tree. It may be spoken of as one or many. It is one when taken in its complex as a whole and it will be many when you emphasise the number of branches in it.

"We point out that one and the same thing may be the subject of serval names and ideas if it is considered in its relations to what lies without it. Devadatta although being one only form the object of many different names and notions according as he is considered in himself or in his relations to other; thus he is thought and spoken of as man, Brahmin, learned in the Veda, generous, boy, young man, old man, father, son, grandson, brother--son-in-law, etc. etc."

This last passage from Sankara completely coincides with the Jaina point of view that any assertion about a thing would take different forms according to the realtions of the thing to other things. A person is said to be father when he is taken in relation to his son, as the son when the same is taken in relation to his father. Therefore

से कुछ भिन्न है। इस प्रकार कार्य और कारण एक अर्थ में तद्रूपात्मक है तो दूसरे अर्थ में भिन्न भी हैं। अन्तिम उद्धृत अनुच्छेद में शंकर ने इसी तद्रूप और भिन्नवाद अथवा अभेद भेदवाद को स्वीकार किया जो पदार्थ और उसके गुणो पर भी लागू होता है। पदार्थ और गुण स्वभावत. तद्रूपात्मक है यद्यपि वे किसी सीमा तक भिन्न भी है। शकर का यह सिद्धान्त जैन सिद्धान्त के द्रव्य और गुण के सिद्धान्त के अनुरूप है शकर का वेदान्तिक और कुन्द-कुन्द का जैन तत्त्वज्ञान वैशेषिक दर्शन के उस सिद्धान्त का खण्डन करते दिखते है जिसके अनुसार द्रव्य और गुण परस्पर भिन्न-भिन्न है। पर उन्हे समवाय के माध्यम से सयोजित किया जाता है। वैशेषिक के द्रव्य और गुण के भेदवाद को अस्वीकार कर शकर और कुन्द-कुन्द उन्हे तद्रूपात्मक सिद्ध करते है।

एक और बहु

पदार्थ के विषय मे वह एक है या बहुत; यह निश्चय करना इस पर आधारित है कि आप किस सिद्धान्त को स्वीकार करते है। वही मिट्टी अनेक बर्तनो मे स्थानान्तरित हो जाती है और स्वर्ण से अनेक आभूषण बन जाते है। यदि द्रव्य की प्रधानता पूर्वक आप बात करे तो वे सभी एक ही श्रेणी के होगे पर यदि पर्यायो को प्रधान मानकर सोचे तो वे भिन्न-भिन्न और अनेक सिद्ध होते है। इसी तरह वृक्ष एक है पर शाखाओ की दृष्टि से वह अनेक है।

"हम यह सकेत करते है कि एक और वही वस्तु अनेक नामो और सिद्धान्तो को समाहित किए रहती है। यदि उसकी आन्तरिक क्षमता पर विचार करे। देवदत्त नाम से एक है पर ब्राह्मण, विद्वान, उदार, बालक, तरुण, वृद्ध, पिता पुत्र, भाई आदि दृष्टियो से अनेक है"।

शकर का यह अन्तिम अनुच्छेद जैन सिद्धान्त से बिल्कुल मिलता-जुलता है कि पदार्थ का निर्धारण उसके सम्बन्धो की दृष्टि से किया जाता है। एक व्यक्ति पुत्र की दृष्टि से पिता है और पिता की दृष्टि से पुत्र है। इसलिए यह प्रश्न करना कि एक ही

the question how can the same man be father and son would entirely be meaningless and it will only exhibit the ignorance of the logical theory of predication. The same principle is extended by the Jaina metaphysics to other relations, such as space, time, substance and modes. This obvious truth forms the basis of the Jaina logical doctrine of predication--Astinastivada. That you can have two assertions about a thing positive and negative according to the relation of the thing to other things. Strangely this principle thus accepted by Sankara is forgotten by him when he goes to criticise the Sutra relating to Jainism, that two contradictory things cannot exist in the same. This inconsistency is probably due to the fact that he was only a commentator of an already existing work.

Sankara commenting on the first sutra 'Athato Brahma-jijnasa.' Let us then enquire into the nature of the Brahma or the Self. "Where is the reason why such an enquiry should be taken up? says, Since there are various erroneous things as to the nature of the self held by different schools of thought it is necessary to clear up the errors and to establish the correct notion of the self." He enumerates various schools he considers to be erroneous as Buddha, Sankhya, Yoga, Vaisesika and Pasupata etc., etc. It is strange that he does not mention the Jaina account of Self as one of the erroneous views. Probably the reason why he omits this is his own siddhanta is identical with the Jaina concept of self that the Jivatma and Paramatma are identical. This exactly is Sankara's considered view. Hence he cannot codemn this as one of the erroneous views for this forms the foundation of Advaita, which forms the central doctrine of his commentary.

Sankara and Amrtacandra : We mentioned above that Sankara was acquainted with Sri Kundakunda and Amrtacandra. We refer to this fact in connection with Sankara's distinction between the Vyavaharika and Paramarthika point of view. We have here to mention the fact that the doctrine of Adhyasa is also peculiar to Sankara. Adhyasa is the technical term he used to denote the confusion between self and non-self, a confusion due to Avidya or Ajnana. This term Adhyasa is not found in any of the philosophical writing prior to Sankara. Probably Sankara took a hint from Amrtacandra who freely uses this concept in his commentary called Atmakhyati on Sri Kundakunda's Samayasara. Probably Amrtacandra and Sankara must have lived in the same century, Amrtacandra being slightly older than Sankara. The language of Atmakhyati is very similar to Sankara's

व्यक्ति पिता और पुत्र कैसे हो सकता है, निरर्थक सिद्ध होता है और प्रश्नकर्त्ता की निरूपण शैली से अपरिचितता भी अभिव्यक्त होती है। यही सिद्धान्त जैन तत्वज्ञान के द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव के रूप में भी सामने रखता है। यह सिद्धान्त जैन सिद्धान्त के अस्तिनास्तिवाद पर आधारित है। इसके अनुसार पदार्थ के स्वरूप पर उसके निषेधात्मक और विधेयात्मक तत्त्वों की दृष्टि से विचार किया जाता है आश्चर्य यह है कि शंकर सूत्र की व्याख्या करते समय इस जैन सिद्धान्त को भूल गए और कह गए कि दो परस्पर विरोधी तत्त्व एक ही पदार्थ में कैसे रह सकते हैं।

शंकर 'अथातो ब्रह्म जिज्ञासा' नामक प्रथम सूत्र की व्याख्या करते समय कहते हैं– "ब्रह्म अथवा आत्मा की प्रकृति पर विचार कर ले।" क्यों इस प्रश्न पर विचार करने की आवश्यकता है? शंकर कहते हैं–" इसलिए आवश्यकता है कि आत्मा के विषय में अनेक मत मतान्तर हैं। उनकी भूलों को सुधारना जरूरी है। उन्होंने इस सदर्भ में बौद्ध, सांख्य, योग, वैशेषिक, पाशुपत आदि सम्प्रदायों का उल्लेख किया है। आश्चर्य यह है कि शंकर ने जैन आत्मवाद को इस श्रेणी में सम्मिलित नहीं किया। यह शायद इसलिए हो सकता है कि उनका जीवात्मा और परमात्मा अद्वैतवादी सिद्धान्त जैन सिद्धान्त से बिल्कुल मिलता–जुलता है। इसलिए उसकी गल्तियों की ओर संकेत नहीं कर सके।

शंकर और अमृतचन्द्र

उपयुक्त पृष्ठों में हम यह अभिमत व्यक्त कर चुके हैं कि शंकर कुन्दकुन्द या अमृतचन्द्राचार्य से परिचित रहे होंगे। इसे हम उनके व्यावहारिक और पारमार्थिक दृष्टियों में अन्तर स्पष्ट करते समय कह चुके हैं। हम यहां पर कहना चाहते हैं कि शंकर का अध्यास सिद्धान्त भी अनोखा है। इस शब्द का उपयोग उन्होंने चेतन और अचेतन के बीच अविद्याजन्य सन्देह को व्यक्त करने के लिए किया है। यह शब्द 'अध्यास' शंकर के पूर्ववर्ती किसी भी साहित्य में उपलब्ध नहीं होता। शायद शंकर ने इस संकेत को अमृचन्द्राचार्य की समयसार पर लिखी आत्मख्याति नामक टीका से ग्रहण किया हो। संभवतः अमृतचन्द्र और शंकर एक ही शताब्दी के आचार्य रहे हों, अमृतचन्द्र शंकर से कुछ

Sariraka Bhasya. This suggestion is made because Sankara himself speaks on one occasion that he is influenced by one Dravida Acarya. Probably this refers to Amrtacandra--the great Commentator on Samayasara. The following quotations from Atmakhyati will clearly bear out our suggestion that Sankara and Amrtacandra were of the same age and that the former was acquainted with the writings of Amrtacandra especially in his commentary Atmakhyati.

"Ajnana or ignorance causes Adhyasa or confusion of the intellect. On account of this, thirsty animals run towards mirage to quench their thirst thinking it is a lake full of water. "Again the same Adhyasa or confusion caused by ignorance frighten men is dusk at the sight of a rope and make them run away from it thinking it is a snake.

"Similarly on account of this confusion caused by ignorance men falsely identify their pure and unruffled nature of the Soul with the body and imagine that they are the author of the various psycho-physical activities caused by impure karmas, just as the numerous waves in the ocean are caused by atmospheric pressure while the ocean itself remains calm and unruffled. But Jnana or knowledge produces discrimination between the self and the non-self just like the hamsa bird is able to separate water from milk. Unruffled self firm in its pure nature is able to understand that it is not the author of the various impure psycho-physical changes caused by an alien agency."

ATMAKHYATI.

ज्येष्ठ होंगे। शंकर के शारीरिक भाष्य से अमृतचंद्र की आत्म ख्याति नामक टीका की भाषा मिलती–जुलती है। यह अनुमान इसलिए दृढतर हो जाता है कि शंकर ने स्वयं एक स्थान पर यह कहा है कि द्रविड आचार्य से प्रभावित रहे हैं। सभवत: यह संकेत अमृतचन्द्राचार्य की ओर हो सकता है। निम्नलिखित उद्धरण इस कथ्य को परिपुष्ट करता है कि शंकर अमृतचन्द्राचार्य की आत्मख्याति से परिचित थे।

"अज्ञान अध्यास का कारण है। इसी कारण से प्यासे प्राणी मृगतृष्णालु होकर मृगमरीचिका मे भटकते रहते हैं अपनी प्यास बुझाने की दृष्टि से। रज्जु में सर्प की भ्रान्ति भी इसी अध्यास के कारण होती है।

इसी तरह सन्देह के कारण ही अज्ञानी व्यक्ति भ्रान्तिवश शरीर को आत्मा मान लेते हैं जबकि आत्मा मूलत: विशुद्ध है। वे यह भी कल्पना कर बैठते है कि वे विविध मनो–शारीरिक क्रियाओं के कर्त्ता हैं जो अशुभ कर्मों के कारण होती है। यह उसी तरह है जिस तरह समुद्र यद्यपि स्वरूपत: शान्त है पर वातावरण से प्रभावित होकर वह अशान्त हो जाता है। पर ज्ञान चेतन और अचेतन मे भेद समझने की क्षमता पैदा कर देता है उसी तरह जिस तरह हंस दूध से जल को पृथक् कर देता है। विशुद्ध आत्मा में यह समझने की शक्ति रहती है कि वह विदेशी अशुद्ध मनो–दैहिक परिवर्तनों का कर्त्ता नहीं हैं। (आत्म ख्याति)

श्री दिगम्बर जैन साहित्य संस्कृति संरक्षण समिति

द्वारा

प्रकासित ग्रंथों की सूची

पुस्तक	लेखक	मूल्य
१. कुन्द-कुन्द शब्द कोष	डा० उदय चन्द जैन उदयपुर	५/-
२. प्रवचनसार (इंग्लिश प्रस्तावना का हिन्दी रूपान्तरण)	प्रो० एल० सी० जैन जबलपुर	ज्ञान- वर्धन
३. जैनीज़म एण्ड महावीरा (इंग्लिश में)	डा० भागचन्द्र जैन (भास्कर) नागपुर	३०/-
४. जैन धर्म संक्षेप में (प्रो० ए० चक्रवर्ती द्वारा पंचास्तिकाय की इंग्लिश प्रस्तावना का हिन्दी रूपान्तरण)	प्रो० एल० सी० जैन जबलपुर नरेश जैन गोटेगांव	२५/-

श्री दिगम्बर जैन साहित्य संस्कृति सरंक्षण समिति
का
संक्षेप परिचय

श्री दिगम्बर जैन साहित्य संस्कृति सरंक्षण समिति का गठन परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में ललितपुर की प्रथम वाचना के समय सभागत विद्वानों से हुए विचार विनिमय के निष्कर्ष रूप से जैन साहित्य एवं संस्कृति के सरंक्षण/संवर्धन के उद्देश्य को प्रामुख्य कर जुलाई १९८७ को थूबोन जी में हुआ था।

समिति के मुख्य उद्देश्य निम्न प्रकार हैं-

(क) जैन संस्कृति, साहित्य कला और इतिहास के अध्ययन मे सहायक विभिन्न ग्रथो, शिलालेखो, प्रशस्तियो, मूर्तियो, ताम्रपत्रो, सिक्को, यन्त्रो, स्थापत्य और चित्रकला के नमूनो आदि सामग्री का लाइब्रेरी तथा म्यूजियम आदि के रूप मे विशाल संग्रह।

(ख) लुप्त प्राय प्राचीन जैन साहित्य, इतिहास, तत्वज्ञान, कला और जैन सस्कृति का उस के मूल रूप में अनुसधान तथा अनुसंधान के आधार पर नये मौलिक साहित्य का निर्माण।

(ग) देशी तथा विदेशी भाषाओ मे जैन ग्रथों का समुचित प्रकाशन।

(घ) योग्य विद्वानो को उनकी साहित्यक सेवाओं तथा इतिहासादि–विषयक खोजो के लिए पुरस्कार या उपहार देना।

(ड) समिति के उद्देश्यो में रूचि रखने वाली संस्थाओ व ट्रस्टो का सहयोग प्राप्त करने के लिए उन से सम्बन्ध स्थापित करना।

समिति के कार्य सचालन के लिए एक कार्यकारिणी समिति बनाई गई है। जिस के निम्नलिखित पदाधिकारी हैं–

सरंक्षक
श्री शिखर चन्द जैन
डी–३०२, विवेक विहार, दिल्ली–९५

अध्यक्ष

डा० दरबारी लाल जैन (कोठिया) न्यायाचार्य
बीना–इटावा (मध्य प्रदेश)–४७०११३

कार्य-अध्यक्ष

श्री कुन्दन लाल जैन
विश्वास नगर, शाहदरा, दिल्ली–३२

उपाध्यक्ष

(क) डा० पन्ना लाल जैन (साहित्याचार्य)
श्री वर्णी दि० जैन गुरुकुल
मढिया, जबलपुर (मध्य–प्रदेश)
(ख) डा० भाग चन्द्र जैन (भास्कर)
सदर, नागपुर–४४०००१ (महाराष्ट्रा)

मन्त्री

डा० कस्तूर चन्द सुमन.
जैन विद्या सस्थान
श्री महावीर जी ज़िला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

सहायक मन्त्री एवं कोषाध्यक्ष

श्री प्रवीण जैन (सी०ए०)
डी–३०२, विवेक विहार, दिल्ली–९५

नोट:–

यह श्री दिगम्बर जैन साहित्य संस्कृति सरंक्षण समिति अर्थोपार्जन करने वाली संस्था नहीं है और इस द्रष्टि से वह सब आमदनी जो किसी भी मार्ग से प्राप्त होगी और संस्था की समस्त चल–अचल सम्पत्ति केवल समिति के उद्देश्यो की पूर्ति के लिए काम मे आएगी और उस का कोई भाग समिति के पदाधिकारियों/सदस्यो में उन के व्यक्तिगत उपयोग के लिए नहीं बाटा जाएगा, वे सब आनरेरी कार्यकर्त्ता होगे।